• जयपुर, रविवार, 26 मई 24 • वर्ष 13 • अंक 269 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 कोटा जिले में थाना विज्ञान नगर पुलिस की कार्रवाई...

पेज @5 पैंशनर की समाज सेवा में अहम भूमिका- बेढम..

पेज @8 भीषण गर्मी में जनता त्रस्त प्रदेश में सरकार प्रशासनिक अधिकारियों के...

# 58 लोकसभा सीटों पर 58.52 प्रतिशत के लगभग मतदान, जम्मू कश्मीर में रिकॉर्ड वोटिंग

## सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 77.99 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा और जम्मू एवं कश्मीर सहित देश के 8 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों पर मतदान जारी है। शाम 5 बजे तक इन सभी लोकसभा सीटों पर 58 प्रतिशत के लगभग (57.70 प्रतिशत) मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। शाम 5 बजे तक सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 77.99 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

वहीं, जम्मू कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर इस बार रिकॉर्ड मतदान



दर्ज किया गया है, जहां इस बार शाम 5 बजे तक 51.35 प्रतिशत मतदाता अपने घरों से निकलकर वोट कर चुके हैं। अन्य राज्यों की बात करें तो, शाम 5 बजे तक झारखंड में 61.41, ओडिशा में 59.60 , हरियाणा में 55.93, बिहार में 52.24, दिल्ली में 53.73 और उत्तर प्रदेश में 52.02 प्रतिशत वोटिंग हुई है।

दिल्ली की सभी सातों सीटों की बात करें तो, शाम 5 बजे तक उत्तर पूर्व दिल्ली लोकसभा सीट पर 57.97, उत्तर पश्चिम दिल्ली में 53.17, पूर्वी दिल्ली में 53.69, पश्चिम दिल्ली में 54.15, दक्षिण दिल्ली में 51.84, नई दिल्ली में 50.44 और चांदनी चौक में 53.27 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

भाजपा के लिहाज से छठे चरण का यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि इन 58 लोकसभा सीटों में से 2019 के चुनाव में भाजपा को अकेले 40 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। बाद में हुए उपचुनाव में भाजपा ने सपा को हराकर आजमगढ़ लोकसभा सीट भी छीन ली, जिसके बाद 41 लोकसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा हो गया। एनडीए गठबंधन के घटक दलों की बात करें तो जेडीयू के पास 3 और एलजेपी एवं आजसू के पास इनमें से 1-1 सीट है यानी इन 58 लोकसभा सीटों में 46 पर एनडीए के सांसद हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव के अंतिम यानी 7वें चरण के तहत बचे हुए 57 लोकसभा सीटों पर 1 जून को मतदान होना है। इससे पहले पांच चरणों के मतदान के दौरान देश के 25 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 428 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है। मतगणना 4 जून को होनी है।

## न्यूज़ अपडेट

### अनूसया सेनगुप्ता ने रचा इतिहास, कान फिल्म फेस्टिवल में जीता बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब



**कान/एजेंसी।** कोलकाता की एक्ट्रेस अनूसया सेनगुप्ता ने कान फिल्म फेस्टिवल 2024 में इतिहास रचते हुए बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब अपने नाम किया है। बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीतने वाली वो पहली इंडियन बन गई हैं। यह अवॉर्ड उन्हें फिल्म 'शेमलेस' के लिए मिला है। अनूसया को यह अवॉर्ड अन सर्टेन रिगार्ड सेगमेंट में फिल्म 'द शेमलेस' में उनकी परफॉर्मेंस के लिए मिला है। इसके साथ ही वे कांस के इतिहास की पहली भारतीय एक्ट्रेस बन गई हैं जिन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया है। अनसूइया अपनी एक्टिंग के अलावा स्टाइल स्टेटमेंट के लिए भी जानी जाती हैं। उनका बोल्ड और देसी अंदाज हर किसी को भाता है।

### चारधाम यात्रा : 14 दिनों में बना नया रिकॉर्ड, 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**देहरादून/एजेंसी।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा की शुरुआत 10 मई से हुई और हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि यात्रा शुरू होने के 14 दिनों के भीतर ही 24 मई तक 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं।


अभी तक चारधाम यात्रा के लिए 31 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। साथ ही 24 मई तक 10 लाख श्रद्धालु धाम में दर्शन कर चुके हैं। 24 मई तक रिकॉर्ड 10 लाख 30 हजार 621 श्रद्धालु चारों धामों में दर्शन कर चुके हैं। धामों में दर्शनों के लिए लगातार आती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर 31 मई तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन को बंद कर दिया गया है।

# पहले लाल बत्ती में घूमते थे माफिया, दंगों को यूपी की पहचान बना दिया था : पीएम मोदी

**गाजीपुर/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पहले माफिया लाल बत्ती में घूमते थे। दंगों को यूपी की पहचान बना दिया गया था। इसका नुकसान व्यापारियों- कारोबारियों को होता था। सपा ने माफियाओं को पाला-पोसा, टिकट दिया। पहले यहां विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। सपा की सरकार में हर महीने 2-3 दंगे होते थे। इसका नुकसान गरीबों को होता था।

इंडी गठबंधन वालों ने गाजीपुर के साथ विश्वासघात किया है। आजादी के बाद कांग्रेस ने कसम खा ली थी कि इस क्षेत्र का विकास नहीं करेगी। यहां के लोग गरीबी में घुट-घुट कर जीने को मजबूर रहे। सपा और कांग्रेस में कुछ आदतें मिलती हैं। पहला परिवारवादी, दूसरा जातिवादी और तीसरा भ्रष्टाचार। कांग्रेस ने हमारी सेना के जवानों का मखौल



उड़ाया था। उन्हें मूर्ख बनाने का भरसक प्रयास किया था। 2013 में भाजपा ने मुझे पीएम पद का प्रत्याशी बनाया तो मैंने वन रैंक वन पेंशन लागू करने का ऐलान किया। इससे कांग्रेस घबरा गई। कांग्रेस ने पूर्व सैनिकों का अपमान किया। गाजीपुर, यूपी या पूरा देश हो, परिवारवादी नेता अपने परिवार के लिए महल पर महल बनाते गए लेकिन, गांव गरीब, किसान वंचित लोग जीवन की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए परेशान रहे।

पीएम मोदी ने कहा कि दस साल में हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। यहां की तकलीफ को सबसे पहले हमारे गहमरी बाबू ने उठाया था। उन्होंने संसद में नेहरू जी को यहां की स्थिति बताई थी। आंख में आंसू के साथ बाबूजी ने कहा कि कैसे यहां के लोग जानवरों के गोबर से गेहूं चुनकर खाते थे। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उसमें भी राजनीतिक मौके तलाश लिए। आज मुझे संतोष है कि हमारी सरकार हर गरीब को मुफ्त राशन दे रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि काम लटकाने और हक मारने में तो कांग्रेस को महारत हासिल है। इन्होंने हमारे सेना के वीर जवानों को वन रैंक, वन पेंशन तक नहीं मिलने दिया। वन रैंक, वन पेंशन तब लागू हुई, जब मोदी आया। गाजीपुर की धरती पराक्रम और शौर्य की गाथाएं बताती है। गाजीपुर की परंपरा और यहां का गमहर गांव का नाम ही काफी है। जहां हर घर से जांबाज निकलते हों, यह गौरव गाजीपुर के अलावा किसी को मिला है क्या? पूरा देश इस मिट्टी का ऋणी है।


उन्होंने कहा कि अगर मेरी माताओं को बीमारी में रहना है तो इस बेटे का दिल्ली में बैठने का क्या मतलब। इसलिए आपके इस बेटे ने तय किया कि अब गरीब को बीमारी में इलाज की जिम्मेदारी मोदी उठाएगा। आज आयुष्मान योजना करोड़ों परिवारों को मुसीबत में सहायता देता है। मोदी ने जो काम किए, उससे गरीब का जीवन बदला। सिर्फ 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये इसलिए हुआ कि आपके वोट ने मोदी को मजबूत किया। हमने 4 करोड़ परिवारों को पीएम आवास दिए। हमने 50 करोड़ गरीबों के बैंक में खाते खुलवाए। हमने हर गांव तक बिजली पहुंचाई, हम हर घर जल पहुंचा रहे हैं। आज किसी गरीब को इलाज के लिए अपनी जमीन नहीं बेचनी पड़ती है, क्योंकि आज उसके पास आयुष्मान कार्ड है। मोदी जब तक जिंदा है, तब तक एससी-एसटी का आरक्षण नहीं छीनने दूंगा। वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है।

# डंके की चोट पर कहता हूं, पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

**ऊना/एजेंसी।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हमीरपुर ससदिय क्षेत्र हिमाचल प्रदेश में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा 5 चरण का मतदान पूरा हो चुका है, आज छठे चरण का मतदान चल रहा है। 5 चरण में ही मोदी जी 310 पार कर गए हैं, अब छठे और सातवें में 400 पार कराकर मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। 400 पार की जिम्मेदारी सातवें चरण वालों पर है।

उन्होंने कहा की हमारा तो 400 पार हो रहा है, लेकिन राहुल बाबा फिर एक बार 40 के नीचे सिमट रहे हैं। हमारे विधानसभा उप-चुनाव के उम्मीदवारों को भी जीता दीजिए यहां भी भाजपा की सरकार बनेगी। अगर आप दीया लेकर भी ढूंढोगे, तो भी अनुराग ठाकुर जैसा सांसद नहीं मिलेगा। इन्होंने न केवल अपने क्षेत्र की चिंता की, बल्कि भाजपा और भाजपा की विचारधारा के साथ देश भर के युवाओं को लामबंद करने का काम किया है।



शाह ने कहा की कांग्रेस के नेता हमे डरते हैं की पीओके की बात मत करिए, पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं आज देवभूमि से कहता हूं झ राहुल बाबा हम भाजपा वाले हैं, एटम बम से नहीं डरते, मैं डंके की चोट पर कहता हूं झ पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे। राहुल बाबा और उनकी बहन शिमला में छुट्टियां मनाने तो आते हैं, लेकिन ये रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए। ये इसलिए नहीं गए, क्योंकि ये अपने वोटबैंक से डरते हैं।

उन्होंने कहा की इंडी गठबंधन वालों के पास प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी ही नहीं है।

## सेना और नौसेना अलर्ट पर

# बंगाल में भीषण चक्रवात को लेकर एनडीआरएफ की टीमें तैनात

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को अलर्ट जारी करते हुए कहा कि बंगाल में भीषण चक्रवात तूफान आने की आशंका है। इस तूफान के कारण 110-120 किमी प्रति घंटे से लेकर 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके रविवार आधी रात (26 मई) को पश्चिम बंगाल तट से टकराने की 'बहुत संभावना' है।

आईएमडी ने चक्रवात के मद्देनजर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए बहुत भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है।

आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा, पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले 6 घंटों के दौरान 15 किमी प्रति घंटे की गति



से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है। यह एक गहरे दबाव में बदल गया है। यह सुबह 5:30 बजे सागर द्वीप समूह (पश्चिम बंगाल) से लगभग 380 किमी दक्षिण-पूर्व में और कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से 530 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व में केंद्रित हो गया। आईएमडी की रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल के उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में फूस के घरों, फसलों, पेड़ों के उखड़ने और निचले इलाकों में बाढ़ से बड़े नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस गंभीर चक्रवात के खतरे से बिजली और संचार लाइनों को भारी नुकसान हो सकता है। इस बीच चक्रवात की तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की शुक्रवार को कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

कैबिनेट सचिव ने पश्चिम बंगाल सरकार को आश्वासन देते हुए कहा कि इस स्थिति से निपटने के लिए सभी केंद्रीय एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर हैं और सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगी।

इसके चलते राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने 12 टीमों को तैनात किया है, वहीं पांच अतिरिक्त टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है। जहाजों और विमानों के साथ सेना, नौसेना और तटरक्षक बल की बचाव और राहत टीमों को तैयार रखा गया है।

शिपिंग महानिदेशक द्वारा कोलकाता और पारादीप के बंदरगाहों पर नियमित अलर्ट के साथ सलाह जारी की जा रही है। वहीं विद्युत मंत्रालय द्वारा तत्काल बिजली बहाली के लिए आपातकालीन टीमों को तैनात किया गया है।

कैबिनेट सचिव ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा सभी आवश्यक निवारक और एहतियाती कदम उठाए जाएं। इसका उद्देश्य जीवन की हानि को शून्य रखना और बिजली और दूरसंचार जैसे संपत्ति और बुनियादी ढांचे को नुकसान को कम करना होना चाहिए। साथ ही नुकसान के मामले में आवश्यक सेवाओं को कम से कम समय में बहाल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि समुद्र में मछुआरों को वापस बुलाया जाए और संवेदनशील इलाकों से लोगों को समय पर निकाला जाए। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार से चक्रवाती तूफान से प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्रों में बड़े होर्डिंग लगाने की समीक्षा करने को कहा है।

# पीएम मोदी की जिम्मेदारी पद की गरिमा का रखें ख्याल : प्रियंका गांधी

**गोरखपुर/एजेंसी**

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को गोरखपुर में अखिलेश यादव के साथ एक संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की जिम्मेदारी बनती है कि इस पद की गरिमा रखें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में अपने भाषण के दौरान ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया जो किसी देश के प्रधानमंत्री ने अब तक नहीं किया होगा। पीएम पद का हम सब आदर करते हैं। क्या उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती कि इस पद की गरिमा रखें?

प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी जगह-जगह कह रहे हैं संविधान बदलना है। वहीं, हम लोग मुद्दों की बातें करते हैं। आज कांग्रेस पार्टी की गारंटी है रोजगार और नौकरी, हमारी सरकार बनने पर 8,500 रुपए हर माह गरीब परिवार को मिलेगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार डराने के लिए बुलडोजर लेकर आती है, अगर एक भी परीक्षा पेपर लीक करने वाले पर कोई बुलडोजर चला हो तो बताएं। इस सरकार ने पेपर लीक कराए हैं, सरकार ने नौजवानों का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। ऐसे में वोट डालकर उन्हें बेरोजगार बनाने का समय आ गया है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। लेकिन, लागत बढ़ गई। जहां आय बढ़नी थी, वहां लागत बढ़ गई है।

# अकादमी कर रहीं साहित्य का सत्यानाश!

साहित्य किसी भी देश और समाज का दर्पण होता है। इस दर्पण को साफ-सुथरा रखने का काम करती हैं वहां की साहित्य अकादमियां। लेकिन सोचिये क्या होगा? जब देश या राज्य का आईना सही से काम न कर रहा हो तो वहां की सरकार पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। जी हां, ऐसा ही कुछ हो रहा है देश के राज्यों की साहित्य अकादमियों में। किसी भी राज्य की साहित्य अकादमी के अध्यक्ष है होते हैं राज्य के मुख्यमंत्री। मुख्यमंत्री जिस संस्था के अध्यक्ष हों वही संस्था अगर सही से काम न करें तो बाकी संस्थाओं की स्थिति का अंदाजा आप लगा सकते है। आज हम देखते हैं कि अधिकांश साहित्य और कला अकादमियों के मंच पर पुरस्कृत होने वाले लोगों में अधिकतर को कोई जानता भी नहीं है। यह सच है कि आज जितनी राजनीति में राजनीति है उससे अधिक राजनीति साहित्य और कलाओं में है।

प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे जलने वाली मशाल कहा था। लेकिन देश भर में आज साहित्य राजनेताओं के पीछे चल रहा है। पिछले दशकों में हुए साहित्य, संस्कृति और भाषा के पतन का असर आगामी पीढ़ियों तक जाएगा। लेकिन किसे फिक्र है। राज्य अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां संदिग्ध है। जो कार्य एक वर्ष में पूर्ण होने चाहिए उनको करने में सालों लग रहें है। पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट और समयानुसार नहीं है। उदाहरण के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी के वार्षिक परिणामों की घोषणा का साल खत्म होने को है, मगर अभी तक नहीं हुई है। न ही आगामी साल का प्रपत्र जारी किया गया है। एक अकादमी के भीतर क्या-क्या खेल चलते हैं ? पारदर्शिता के अभाव में किसी को पता नहीं चलता।

वैसे कोई भी पुरस्कार या सम्मान उत्कृष्टता का पैमाना नहीं हो सकता। हिंदी भाषा में निराला, मुक्तिबोध, फणीश्वरनाथ रेणु, धर्मवीर भारती, राजेंद्र यादव, असगर वजाहत जैसे महत्वपूर्ण कवियों-लेखकों को भी साहित्य अकादमी पुरस्कार नहीं दिया गया और बहुत से ऐसे लेखकों को पुरस्कृत किया गया, जिन्हें कभी का भुलाया जा चुका है। इस बारे में विचार करना चाहिए और पुरस्कार की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए। आज जिस प्रकार से सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कुछ योग्य एवं अयोग्य साहित्यकार, कवि, लेखक, कलाकार साम-दाम-दंड-भेद सब अपना रहे हैं और अपने प्रयासों में प्रायः सफल भी हो रहे हैं, उससे सम्मानों और पुरस्कारों के चयन की प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। पुरस्कारों की दौड़ में साहित्य का भला नहीं हो सकता। आज साहित्य और कला जगत में बहुत सी संस्थाएं काम कर रही हैं। इसे झुठलाया नहीं जा सकता कि किसी क्षेत्र विशेष या एक विचारधारा वाली संस्थाएं आपस में अनुबंध करके आगे बढ़ रही हैं। ये एग्रीमेंट यूं होता है कि आप हमें सम्मानित करेंगे और हम आपको। और ये सिलसिला लगातार चल रहा है अखबारों और सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरता है। आम पाठक को इससे कोई ज्यादा लेना देना नहीं होता। अब बात करते है सरकारी संस्थाओं और पुरस्कारों की। इनकी सच्चाई किसी से छुपी नहीं। जिसकी जितनी मजबूत लाठी, उतना बड़ा तमगा। सिफारिशों के चौराहों से गुजरते ये पुरस्कार पता नहीं, किस को मिल जाएं। किसी आवेदक को पता नहीं होता। इनकी बन्दरबांट तो पहले से ही जगजाहिर है। ऐसे पुरस्कारों की विश्वसनीयता को लेकर देश भर में गंभीर आरोप लग रहे हैं। सच्चा रचनाकार इनके चक्कर में कम ही पड़ रहा है।

आज संस्थाएं एक दूजे की हो गई हैं। एक-दूसरे को सम्मानित करने और शॉल ओढ़ाने में लगी है। सरकारी पुरस्कार बन्दरबांट कहें या लाठी का दम। जितनी जान-पहचान उतना बड़ा तमगा। ये प्रमाण पुरस्कार विजेताओं की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हैं। आज देशभर की साहित्य अकादमियां पद और पुरस्कारों की बंदरबांट करने में लगी है। अधिकांश अकादमियों के कामकाज को देखकर तो यही लगता है। जब तक विशेषज्ञता के क्षेत्र में राजनीतिक नियुक्तियां होती रहेंगी तब तक ऐसी दुर्घटनाएं होती रहेगी।

सिविल सेवा कमिशन और प्रदेशों की अकादमी में सदस्यों और अध्यक्षों की राजनीतिक नियुक्तियों ने इन संस्थाओं की विशेषज्ञता पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं। पिछले दशकों में पुरस्कारों की बंदर बांट कथित साहित्यकारों, कलाकारों और अपने लोगों को प्रस्तुत करने के लिए विशेष साहित्यकार, पुरोधा कलाकार, साहित्य ऋषि जैसी कई श्रेणियां बनी है। जिसके तहत विभिन्न अकादमियां एक दूसरे के अध्यक्षों को पुरस्कृत कर रही है और निर्णायकों को भी सम्मान दिलवा रही है। इन पुरस्कारों में पारदर्शिता का अभाव है। बिना साधना के कैसा साहित्य? अब समय आ गया है कि देश की सभी राज्य अकादमियों को केंद्रीय साहित्य अकादमी की तरह सचमुच स्वायत बनाया जाए और इनका काम पूरी तरह से साहित्यकारों, कलाकारों को सौंपा जाए। किसी भी अकादमी के वार्षिक कार्यों की प्रगति समयानुसार और पूरी तरह पारदर्शी बनाने पर जोर देना होगा ताकि सच्चे साहित्यकारों का विश्वास उन पर बना रहे।

# वोटर लिस्ट में बढ़ती महिलाएं संसद में कब बढ़ेंगी?



प्रियंका सौरभ

भारत में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक समान नहीं रही है। इसमें समय-समय पर हमेशा बदलाव होता रहा है। यदि हम महिलाओं की स्थिति का आकलन करें तो पता चलेगा कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिति में अनेक तरह के उतार-चढ़ाव आते रहे हैं और उसके अनुसार ही उनके अधिकारों में बदलाव भी होता रहा है। इन बदलावों का ही परिणाम है कि महिलाओं का योगदान भारतीय राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है। चुनाव महिला उम्मीदवारों से जुड़े कई राजनीतिक पूर्वाग्रहों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। साथ ही महिलाओं का राजनीतिक सशक्तीकरण करने भी कारगर सिद्ध होगा। तमाम प्रमुख राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में भारी फर्क है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। लेकिन टिकटों के बंटवारे के समय तमाम दल किसी न किसी बहाने महिलाओं को चुनाव लड़ने से दूर रखने का प्रयास करते रहे हैं। जब तक यह पुरुषवादी मानसिकता नहीं बदलती, महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद तस्वीर ज्यादा नहीं बदलेगी। महिला मतदाता इतनी महत्वपूर्ण कभी नहीं थी जितनी अब है। महिला मतदाताओं को तेजी से एक ऐसे निर्वाचन क्षेत्र के रूप में पहचाना जा रहा है जो परिणामों को प्रभावित कर सकता है, महिला आरक्षण विधेयक के जल्दबाजी में पारित होने से बेहतर इसका कोई प्रतीक नहीं है।

भाजपा द्वारा "नारी शक्ति" पर किए गए सभी बड़े दावों के बावजूद, नवंबर में पांच राज्यों के चुनावों में उसके केवल 10 से 15 प्रतिशत उम्मीदवार महिलाएं थीं। यही बात उन अन्य पार्टियों पर भी लागू होती है जिनकी अखिल भारतीय उपस्थिति है। भारत की महिला मतदाता, एक ताकत है जिसे गिना जाना चाहिए। राजनीतिक दल कल्याणकारी योजनाओं और रियायतों के वादों के साथ महिलाओं के वोट हासिल करने की होड़ में हैं, लेकिन सच्चा सशक्तिकरण अभी भी मायावी है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी



बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। देश की मतदाता सूची में महिला वोटरों की तादाद लगातार बढ़ रही है। लेकिन राजनीतिक दलों की ओर से टिकट नहीं मिलने के कारण वे इस अनुपात में संसद में नहीं पहुंच पातीं। मतदाताओं में आधी आबादी महिलाओं की है। पिछले 15 सालों में हिंदी बेल्ट राज्यों में उनकी संख्या में वृद्धि चुनाव परिणामों पर गहरा असर डाल रही है। इन सबके बीच एक सवाल यह भी उठता है कि भारत की संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अब भी कम क्यों है? क्यों अब भी लगभग सभी पार्टियां महिलाओं को टिकट देने से कतराती हैं?

बीते लोकसभा चुनाव में 542 सांसदों में से 78 महिलाएं थीं। इनमें सबसे अधिक उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 11-11 महिलाएं चुनाव जीती थीं। संसद में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने वाली भाजपा ने 417 संसदीय सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें 68 महिलाएं हैं। यानी पार्टी ने सिर्फ 16 फीसदी महिलाओं पर ही भरोसा जताया है। भाजपा ने 2009 में 45, 2014 में 38 और 2019 में 55 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने अब तक 247 उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें 35 उम्मीदवार यानी 14 फीसदी से कुछ ज्यादा महिलाएं हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस ने 54 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया था। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में जिन 42 उम्मीदवारों की घोषणा है उनमें 12 महिलाएं हैं।

लोकसभा चुनाव में कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में से 68 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें 33 करोड़ यानी 49 फीसदी महिला मतदाता होंगी। 85.3 लाख महिलाएं पहली बार मतदान करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2047 तक (2049 में संभावित चुनाव) महिला मतदाताओं की संख्या बढ़कर 55 फीसदी (50.6 करोड़) और पुरुषों की संख्या घटकर 45 फीसदी (41.4 करोड़) हो जाएगी। भारत के राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पिछले दशक की सबसे महत्वपूर्ण बातों में से एक है। महिला मतदाता अब चुनावों में पहले से कहीं अधिक बड़ी भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अब साक्षरता बढ़ने के कारण महिलाएं राजनीतिक फैसला लेने वाले एक अहम समूह के रूप में उभर रही हैं। महिला आरक्षण विधेयक, रसोई गैस सब्सिडी, सस्ते ऋण और नकद राशि के वितरण जैसे कदमों से भाजपा के वोटों में वृद्धि में मदद मिली है।

महिला वोटरों की संख्या बढ़ी है क्योंकि उनकी आबादी और शिक्षा भी बढ़ी है। राजनीतिक दलों ने भी जागरुकता फैलाने में योगदान दिया है। यह उनके भी हित में था की वो महिलाओं को जागरूक करें और मतदान के लिए प्रोत्साहित करें ताकि उनका वोट प्रतिशत बढ़ सके। महिलाओं की तरफ फोकस इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि पुरुष कई बार काम की तलाश में बाहर चले जाते हैं और ऐसे में वो मतदान के लिए अपने क्षेत्र में नहींआते हैं।'' चुनाव आयोग ने भी इस दिशा में काम किया और महिलाओं के लिए बूथ तक पहुंचना और वोट डालना आसान बनाया। बूथों पर गर्भवती महिलाओं के लिए भी अलग इंतजाम किए जाते हैं। पर यह प्रगति इतनी धीमी है कि भारत अब भी कई बड़े देशों से इस मामले में पीछे है। महिला वोटर्स की संख्या में तो इजाफा हुआ है पर कैंडीडेट और सांसदों के तौर पर उनकी संख्या अभी भी बहुत कम है। तमाम राजनीतिक दल महिलाओं को कई स्पेशल स्कीम से लुभाने की कोशिश करते हैं। जैसे फ्री बस राइड, डायरेक्ट मनी ट्रांसफर आदि पर ज़्यादातर पार्टियां उन्हें टिकट देने के मामले में कंजूसी करती हैं। छत्तीसगढ़ और त्रिपुरा को छोड़ दें तो ज्यादातर राज्यों में महिला सांसदों की संख्या बहुत कम है।

स्वामी विवेकानन्द का मानना है- किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है, वहां की महिलाओं की स्थिति। हमें महिलाओं को ऐसी स्थिति में पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए, जहां वे अपनी समस्याओं को अपने ढंग से खुद सुलझा सकें। हमारी भूमिका महिलाओं की ज़िंदगी में उनका उद्धार करने वाले की न होकर उनका साथी बनने और सहयोगी की होनी चाहिए। क्योंकि भारत की महिला इतनी सक्षम है कि वे अपनी समस्याओं को खुद सुलझा सकें। कमी अगर कहीं है तो बस इस बात की, हम एक समाज के तौर पर उनकी काबिलीयत पर भरोसा करना सीखें। ऐसा करके ही हम भारत को उन्नति के रास्ते पर ले जा पाएंगे।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जीवन की जय-मृत्यु का क्षय



कुलभूषण उपमन्यु

वैयक्तिक स्तर पर तो मृत्यु अपरिहार्य सत्य है, किन्तु प्रवाह रूप में जीवन धारा का सातत्य ही संसार को चलाये रखने वाली प्रक्रिया है। वर्तमान विकास यात्रा में प्रकृति के साथ आधुनिक संस्कृति का टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंचता जा रहा है। जिसने सतत जीवन धारा को ही खंडित करना आरंभ कर दिया है। इस संस्कृति का आधार विज्ञान, तकनीक का गुलाम होकर भेदवादी शक्तियों की ताकत बनता जा रहा है। समग्रतावादी आध्यात्मिक चिंतन, जो विश्व समाज को जोड़ने का काम करता है, हाशिए पर जा रहा है। जिसकी परिणति आत्ममुग्धता और अहंकार जनित युद्धों और पर्यावरण विध्वंस के रूप में हो रही है। यूनेस्को के संविधान की घोषणा के ये शब्द इस विषय में प्रासंगिक हैं: " युद्ध मनुष्यों के मन में आरंभ होते हैं, पर्यावरण संबंधी समस्याएं भी मनुष्य के मन में ही आरंभ होती हैं। इसलिए वास्तविक रूप में मानवीय, बौद्धिक नैतिक पर्यावरण की नींव मानव मन में ही डालनी होगी।" वर्तमान विश्व समाज, विशेषज्ञ संचालित है। विशेषज्ञ चीजों को टुकड़ों में विश्लेषण द्वारा समझते हैं। जिससे समग्र हित साधन की समझ गायब हो जाति है। जैसे एक विशेषज्ञ चिकित्सक शरीर का इलाज करेगा तो आंख, कान, नाक, गुर्दा, हृदय, के अनुसार करेगा। यदि गुर्दे का इलाज करते हृदय को हानि पंहुच जाए जिससे सारा शरीर दुष्प्रभावित हो जाए तो उस पर चिकित्सक का वश नहीं रहता। औद्योगिक विशेषज्ञता ने प्रकृति के मूल जीवनदायी तत्वों हवा, पानी, मिट्टी (भोजन) को ही संकट ग्रस्त कर दिया है। वायु प्रदूषण के लगातार बढ़ते स्तर के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव के चलते वैश्विक तापमान में अभूत पूर्व वृद्धि हो रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद से हो रही तापमान वृद्धि के कारण जलवायु परिवर्तन का खतरा मंडराने लगा है। दुनिया भर में बे-मौसमी और भारी बारिश, भयंकर समुद्री तूफान, बाढ़- सूखा- चक्र, भूस्खलन, और बर्फीले तूफानों का क्रम लगातार बढ़ता जा रहा है। अगर वैश्विक तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेंटीग्रेट के भीतर नहीं रोका गया तो जलवायु परिवर्तन के परिणाम कितने भयंकर होंगे इस बात का अनुमान लगाना भी कठिन है। तापमान में 1 डिग्री वृद्धि तो हो ही चुकी है।

इसी मई में ही हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाएं हो चुकी हैं। ये सब असामान्य घटनाएं हैं। इसका दूसरा बड़ा प्रभाव ग्लेशियर पिघलने के रूप में सामने आ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर के अधिकांश ग्लेशियर समाप्त होने के कगार पर होंगे। इससे समुद्र की सतह ऊपर उठ जाएगी और समुद्र किनारे के कई देश, द्वीप और इलाके पानी में डूब जाएंगे। वेनजुएला ग्लेशियर समाप्त होने वाला पहला देश बनने जा रहा है। हिमालय और ध्रुवीय ग्लेशियर भी इसी परिणाम को प्राप्त होने वाले हैं। ग्लेशियर पिघलने से बनी झीलों के अचानक फट जाने का खतरा बना रहता है। जिससे भयानक बाढ़ें अचानक आने के चलते भारी जन-धन की हानि हो जाति है।

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम आदि राज्य पहले ही इस कारण आने वाली त्रासदियों को झेल चुके हैं। अभी सतलुज के पनढल में पिछले एक वर्ष में ही ग्लेशियर पिघलने से 52 नई झील निर्मित हो चुकी हैं। सैटेलाइट अनुदर्शन से खुलासा हुआ है कि यहां 2022 में 414 ग्लेशियल झीलें थीं अब यहां 466 झीलें हैं। वायु प्रदूषण से त्रस्त शहरों में वायु की गुणवत्ता सांस लेने के लिए सुरक्षित नहीं बची है। जिससे सांस की बीमारियों में भारी बढ़ोतरी हो रही है। छोटे बच्चे तक इनका शिकार हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि का भी वायु प्रदूषण कारक बन रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली प्रथम स्थान पर है जहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 483 है दूसरे स्थान पर लाहौर 371 अंकों के साथ और कोलकाता 206 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

जल प्रदूषण और अभाव के रूप में दूसरी बड़ी समस्या पेश हो रही है। मल-जल और औद्योगिक प्रदूषित जल नदियों में डालने के कारण देश की अधिकांश नदियां प्रदूषित हो गई हैं। जिनका जल पीने और अन्य उपयोग के लिए सुरक्षित नहीं बचा है। भू-जल भी प्रदूषित हो गया है जिसमें संखिया और अन्य धातु जनित प्रदूषण की मात्रा सुरक्षित स्तर से ज्यादा हो गई है। भू-जल अत्यधिक दोहन के कारण संकट में आ गया है। कई शहरों में स्थानीय आबादी के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध करवाना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इस सूची में बेंगलुरु पहले स्थान पर है। ग्लेशियर समाप्त होने से नदियों में सतत प्रवाह कम हो जाएगा, नदियां मौसमी हो जाएंगी जिनमें बरसात में तो बाढ़ का दृश्य होगा और अन्य मौसमों में पानी की कमी आ जाएगी। जिससे पेयजल और अन्न सुरक्षा के लिए जरूरी सिंचाई व्यवस्था भी गड़बड़ा जाएगी। पानी के लिए संघर्षों के नए युग का सूत्रपात हो जाएगा। माना जा रहा है कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा।

स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के चलते दुनिया की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके साथ खाद्यान्नों की मांग भी बढती जा रही है। किन्तु कृषि योग्य भूमि घटती जा रही है। और जो है उसकी उत्पादकता घटती जा रही है। प्रति व्यक्ति भूमि भी आबादी में तेज वृद्धि के कारण कम होती जा रही है। रासायनिक कृषि के कारण भूमि का अत्यधिक दोहन संभव हुआ है जिसके चलते भूमि का स्थायी उपजाऊपन कम होता जा रहा है। वैश्विक कृषि भूमि क्षेत्र 2021 में 4.179 बिलियन हेक्टेयर था जो 2000 के मुकाबले 2 प्रतिशत कम था। अत्यधिक रासायनिक पदार्थों के प्रयोग, और जलवायु परिवर्तन के कारण भूमि की उपजाऊ शक्ति पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। फसलों पर छिड़के गए रासायनिक जहरों का असर फसलों में भी कुछ प्रतिशत रह जाता है। जिसके कारण अनेक बीमारियां आदमी को घेर रही हैं।

पंजाब के कुछ हिस्से जहां अत्यधिक रासायनिक कीटनाशक दवाओं का प्रयोग हुआ उन्हें कैंसर बेल्ट से पहचाना जा रहा है। अगली बड़ी चिंता कचरे को ले कर है। खास कर प्लास्टिक कचरे के कारण नदियां खेत, और समुद्र पटते जा रहे हैं। लाख कोशिशों के बाद भी समाधान मिल नहीं पाया है। प्लास्टिक प्रदूषण हवा, पानी, मिटटी सभी जीवनदायी तत्वों को हानि पहुंचा रहा है, इसके साथ ही नैनो प्लास्टिक में तब्दील हो कर यह खाद्य शृंखला का हिस्सा बनता जा रहा है। प्लास्टिक का दुनिया में 1950 में उत्पादन 1.5 मिलियन टन था जो 2011 तक 280 मिलियन टन हो गया। जीवन की हर गतिविधि में प्लास्टिक का उपयोग अपरिहार्य हो चुका है। प्लास्टिक कचरे के सही निपटान के प्रति गंभीरता के अभाव के कारण यह गर्मी सर्दी में बाहर पड़ा रहता है और धूप के संपर्क से प्लास्टिक के छोटे-छोटे अदृश्य कण वातावरण में सब जगह फैल जाते हैं। यही नानो प्लास्टिक कहलाते हैं। मनुष्य के शरीर में भोजन शृंखला के माध्यम से पहुंच कर ये कई स्वास्थ्य चुनौतियों को जन्म देते हैं। सांस के साथ फेफड़ों में जा कर सांस संबंधी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। फेफड़ों की सांस लेने की क्षमता को कम कर सकते हैं। ब्रेन बैरियर को लांघ कर ये दिमाग में जा कर कई मस्तिष्क संबंधी समस्याएं पैदा कर सकते हैं, जिसके प्रमाण सामने आने लगे हैं। अतः यह स्पष्ट होता जा रहा है कि वर्तमान जीवन पद्धति और उत्पादन प्रक्रिया न तो टिकाऊ हैं और न ही मानव जीवन को सुखी बनाने में सक्षम हैं। बल्कि नई-नई समस्याएं पैदा करने वाली हैं। अतः हर एक प्रक्रिया का मुल्यांकन करना और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए गंभीर प्रयत्न करना अपरिहार्य होता जा रहा है। हम जीवनदायी हवा, पानी और भोजन व्यवस्था का कोई विकल्प तैयार नहीं कर सकते। इसलिए पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के प्रयास हमारी तमाम योजनाओं के मूल भाग होने चाहिए। अनावश्यक उपभोग की भूख को नियंत्रित करने के लिए महात्मा बुद्ध का तृष्णा क्षय का मंत्र भी उपयोगी हो सकता है।

**(लेखक, जंगल, जंगल और जमीन के मुद्दों से संबद्ध हैं।)**

# बच्चों को अनुशासन और लोकाचार सिखाने में नाकाम समाज!



मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में किशोर अपचारियो द्वारा किए गए अपराध और उनके संदर्भ में अदालत द्वारा दिए गए आदेश परस्पर विसंगति दर्शा रहे हैं। आपको बता दें कि हाल ही में उत्तराखंड के एक स्कूल में 14 साल की गर्ल क्लासमेट का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले छात्र को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया. इस वीडियो से हुई बदनामी के भय की वजह से पीड़ित बच्ची ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। मिली रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी को जमानत न देने वाले अदालत के इस फैसले से एक नजीर पेश हुई है कि कानून तोड़ने वाले बच्चों को अपराध गंभीर होने के बाद भी जमनात मिलनी चाहिए, ये अपवाद है। उत्तराखंड मामले में अदालत के फैसले के बाद पुणे के उस केस की चर्चा तेज हो गई है, जिसमें पोर्शे कार से दो लोगों की जान लेने वाले नाबालिग आरोपी को महज 300 शब्दों का निबंध लिखवाकर और अन्य शर्तो के साथ जुबेनाइल कोर्ट से जमानत मिल गई।हालांकि इस मामले में पुलिस आरोपी के लिए सख्त सजा की मांग कर रही है. उत्तराखंड का मामला पुणे केस में भी एक नजीर साबित हो सकता है। इन दोनों मामलों में दोनों अदालतों के नजरिए में साफ विसंगति नजर आ रही है एक ओर सर्वोच्च न्यायालय की पीठ उस किशोर अपचारी की जमानत याचिका खारिज करने के हाइकोर्ट के निर्णय को सही ठहराती है जिस किशोर की कथित करतूत के कारण एक नाबालिग छात्रा ने सुसाइड कर अपनी जान गंवा दी दूसरी ओर निचली अदालत ने 17 साल के उस उद्दंडी नाबालिग को हाथों हाथ जमानत देदी थी जिसने शराब पीकर रश ड्राइविंग कर दो युवा आइटी इंजिनियरो को पुणे में सड़क पर कुचल कर मार दिया।

जब किसी बच्चे द्वारा कानून या समाज के खिलाफ कोई कार्य किया जाता है, तब उसे बाल अपराध की संज्ञा दी जाती है जिसे किशोर अपराध अथवा बाल अपचारिता भी कहा जाता हैकिशोर न्याय कानूनों में अपराध शब्द की जगह अपचारिता शब्द का प्रयोग किया गया है, क्योंकि समाज का मानना है कि बच्चे कभी अपराध नहीं करते, उनके कृत्य अभद्र, अशिष्ट या निन्दनीय हो सकते हैं, लेकिन वे कभी दण्ड योग्य नहीं हो सकते।भारत में बाल न्याय अधिनियम, 1986 (संशोधित 2000) के तहत 16 वर्ष की आयु तक के बालकों एंव 18 वर्ष की आयु तक की बालिकाओं द्वारा किये गए कानून विरोधी कार्य बाल अपराधी की श्रेणी में आते है यह अलग बात है की राज्य एंव देश के अनुसार बाल अपराधी की अधिकतम आयु सीमा भी अलग हो सकती हैबाल अपराध के सम्बन्ध में हम केवल आयु को ही निर्धारित नहीं मान सकते इसमें कभी कभी अपराध की गंभीरता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यानि 7 से 16 का बालक या 7 से 18 वर्ष की बालिका द्वारा कोई ऐसा अपराध किया जाता है, जिसकी सजा मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास है, उस स्थिति में हम उन्हें बाल अपराधी नहीं मान सकते, जैसे झ हत्या, देशद्रोह, घातक आक्रमण आदि कार्य को करना।

## बदलते परिवेश में क्रूर हुए किशोर अपचारी

समाज में आ रहे सामाजिक बदलाव व अपराध की बढ़ती प्रवृति लोकाचार का समाप्त हो रहा भय डॉन बतौर पहचान बनाने की ललक जैसे कारण है कि किशोरों में अपराधिक प्रवृति बढ़ रही है राजधानी दिल्ली में ही पिछले कुछ वर्षो में कई नृशंस हत्याकांड को नाबालिग किशोर अपचारियो ने कारित किया है देश भर में किशोर अपचारियो की अपराधिक करतूतें लगातार बढ़ रही हैं ऐसी स्थिति में कानून द्वारा किशोर अपचारियो को दिया गया संरक्षण अनेक गंभीर मामलों में उनकी अपराध करने की मनोवृति को प्रोत्साहित करने का काम करता मालूम पड़ता है। यहां तक कि अब संगठित गिरोह कानून में मिल रही नरमदिली का फायदा उठाकर किशोरों के हाथों सुपारी किलिंग जैसे अपराध को अंजाम दिलाने के लिए किशोरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हमारे विधि एवं न्याय व्यवस्था के नीति निर्माताओं को इन तथ्यों पर भी विचार कर किशोरों को मिल रही साफ्ट हार्ट ट्रीटमेंट की पुनर्समीक्षा करनी होगी।

## उत्तराखंड का मामला

उत्तराखंड के स्कूल में हुए अश्लील वीडियो मामले में इस साल 10 जनवरी 2024 को, जुबेनाइल कोर्ट, हरिद्वार ने 'कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चे' की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. बच्चे पर आईपीसी की धारा 305 और 509 और पोक्सो अधिनियम की धारा 13 और 14 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जुबेनाइल कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट की तरफ से बरकरार रखे जाने के बाद आरोपी लड़के ने अपनी मां के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

सीनियर वकील लोक पाल सिंह ने अदालत में दलील दी कि बच्चे के माता-पिता उनकी देखभाल करने के लिए तैयार हैं, उसे बाल सुधार गृह में नहीं रखा जाना चाहिए और उसकी हिरासत उसकी मां को दी जानी चाहिए. लेकिन न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की शीर्ष अदालत की बेंच ने हाल ही में सोमवार को हाई कोर्ट के फैसले की जांच करते हुए लड़के को जमानत देने से इनकार करने के फैसले को सही पाया। बता दें कि हाई कोर्ट ने जमानत देने से इनकार करते हुए लड़के को 'गैर अनुशासित बच्चा' कहा था। बच्ची के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि लड़के ने उनके अश्लील वीडियो शूट कर क्लिप को छात्रों के बीच सर्कुलेट किया. बदनामी के डर से उनकी बेटी ने जान दे दी। बता दें कि अश्लील वीडियो सर्कुलेट होने के बाद बच्ची पिछले साल 22 अक्टूबर को अपने घर से लापता हो गई थी और बाद में उसका शव बरामद किया गया था. उत्तराखंड हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी ने 1 अप्रैल को आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए एक तर्कसंगत आदेश दिया था. उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चे के लिए, हर अपराध जमानती है और वह सीआईएल जमानत का हकदार है, भले ही अपराध को जमानती या गैर-जमानती के रूप में वर्गीकृत किया गया हो.हालांकि, अदालत ने आगे कहा कि अगर यह मानने के लिए उचित आधार है कि रिहाई से 'कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चे' को किसी ज्ञात अपराधी की संगति में लाने, उसे नैतिक, शारीरिक या मनोवैज्ञानिक खतरे में डालने की संभावना है, या फिर उसकी रिहाई से न्याय के उद्देश्य विफल हो जाएंगे, तो उसकी जमानत से इनकार किया जा सकता है। किशोरों में समाज का भय नहीं बच्चों किशोरों के अपराध की ओर आकर्षित होने के पीछे की सामाजिक बदलाव भी जिम्मेदार है। आजकल छोटे न्यूक्लियर परिवार में एक दो बच्चे होते हैं जो मां-बाप के लाड प्यार में बेहद जिद्दी लापरवाह व उद्दंडी हो जाते हैं अधिकांश परिवारों में दादा दादी ताऊ ताई या अन्य बड़ो का हस्तक्षेप या संरक्षण भी शून्य हो चला है। साथ ही आउटडोर गेम में हिस्सेदारी न कर अधिकांश बच्चे मोबाइल पर चिपके हैं मोबाइल इन बच्चों को तमाम फूहड़ विकृति भरा माहौल घर बैठे दे रहा है तमाम तरह की गंदी रील नृशंसता क्रूरता हैवानियत ओटीटी प्लेटफार्म पर भरमार है ऐसी स्थिति में बच्चे समय से पहले सेक्स और अपराध की ओर बढ़ रहे हैं पुणे सड़क दुर्घटना के मामले में ही गौर कीजिए सत्रह साल का किशोर दो करोड़ की पॉर्श गाड़ी में रात के एक बजे पब में शराब की पार्टी करता है 48000 का पब का भुगतान किया जाता है फिर ढाई सौ की स्पीड पर गाड़ी ड्राइव करता है लेकिन दो युवा आइटी इंजीनियरों को कुचलने के लिए पकड़े जाने पर नाबालिग होने का कानूनी लाभ उठाता है। जाहिर है कि हमारा समाज बच्चों किशोरों को अनुशासित बनाने और लोकाचार शिष्टाचार संस्कार देने में नाकाम होता जा रहा है।

## कानून का पुनरीक्षण जरूरी

इन हालातों को देखते हुए बाल किशोर अपचारियो के लिए बनाए गए कानून का पुनरीक्षण कर पुनः परिभाषित करने की जरूरत है तथा वयस्क वय के करीब पहुंच रहे पंद्रह साल आयु पूरी कर चुके अपचारियो के खिलाफ वयस्क अपराधियों जैसी कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि बढ़ती अपराधिक प्रवृति को नियंत्रित किया जा सके साथ ही किशोरों के लिए बनाए गए रियायती कानून का दुरुपयोग रोका जा सके।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### राजपुताना आयुर्वेदिक एण्ड युनानी तिब्बी एज्युकेशन ट्रस्ट के हुए विधिवत चुनाव

- डॉ. के.एल.जैन अध्यक्ष व जाकिर गुडऐज सचिव निर्वाचित



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** राजपुताना आयुर्वेदिक एण्ड युनानी तिब्बी एज्युकेशन ट्रस्ट की ओर से आम सभा का आयोजन एमआई रोड स्थित राजस्थान चैम्बर भवन में किया गया। जिसमें ट्रस्ट की अब तक की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। वहीं आगामी कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए। इसी के साथ ट्रस्ट के चुनाव संबंधी एजेंडे पर चर्चा कर इस मुद्दे पर सर्वसम्मति बनाई गई। इसी के साथ ट्रस्ट के चुनाव भी सम्पन्न हुए। ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी अनीस अहमद अल्वी ने बताया कि चुनाव में डॉक्टर के.एल. जैन सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र प्रसाद बटवाडा, सचिव पद पर एम जाकिर खान गुडएज, संयुक्त सचिव आन्नद महरवाल व कोषाध्यक्ष के पद पर जे.के. अरोडा को निर्वाचित किया गया। ट्रस्ट के सचिव एम जाकिर खान गुडएज ने सभी ट्रस्टीज का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

शैक्षणिक गतिविधियों एवं आगामी कार्य योजना पर डाला प्रकाश

वहीं प्रशासनिक अधिकारी हाजी अनीस अहमद अल्वी ने राजपुताना युनानी मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। इसी के साथ उन्होंने आगामी कार्य योजना एवं किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत रूपरेखा पर विचार व्यक्त करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसी के साथ अनीस अल्वी ने शैक्षणिक सत्र के बारे में बताया।

### सरकारी टैंकर से पानी बेचने की शिकायत प्राप्त होने पर चार ड्राइवरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)25 मई।** जयपुर शहर के करधनी एवं ब्रह्मपुरी क्षेत्र में सरकारी टैंकर से पानी बेचने की शिकायत प्राप्त होने पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा चार ड्राइवरों के विरुद्ध करधनी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर (द्वितीय) श्री अमिताभ शर्मा ने बताया कि विभाग को निःशुल्क टैंकर की एवज में पैसे की मांग करने की शिकायत प्राप्त हो रही थी जिस पर



अधीक्षण अभियंता (उत्तर) के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि संबंधित टैंकर ड्राइवर लक्ष्मण, नारायण शर्मा, वीरेंद्र गुर्जर एवं हिम्मत सिंह के विरुद्ध करधनी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

### पुलिस ने 40 दिन बाद बालक के शव को निकलवाकर करवाया पोस्टमार्टम

# कोटा जिले में थाना विज्ञान नगर पुलिस की कार्रवाई

## ढाई वर्ष के मासूम बालक का अपहरण कर नृशंस हत्या का आरोपी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

जयपुर/कोटा! (खलील कुरैशी) 25 मई। कोटा जिले की विज्ञान नगर थाना पुलिस की टीम ने ढाई साल के बच्चे की निर्मम हत्या करने के मामले में एक तर×फा प्रेमी राहुल पारीक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया, साथ ही कार्यपालक मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस ने बच्चे के शव दफनाये गये स्थान से वापस निकाल पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है।सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 15 अप्रेल को परिवादिया स्वयं को डॉक्टर को दिखाने आ रही थी। रास्ते मे मिले महिला के जानकार राहुल पारीक ने उसके ढाई साल के बच्चे को अपने पास रख लिया। बच्चे को देकर महिला डॉक्टर को दिखाने के लिये चली गई। इसके बाद राहुल वहां से बच्चे को लेकर चला गया। डॉक्टर को दिखाने के बाद महिला को बाहर बच्चा नहीं दिखने पर उसने राहुल को कॉल किया तो राहुल ने बताया कि बच्चे का एक्सीडेंट हो



गया है और वह बच्चे को लेकर अस्पताल गया है। इसके बाद राहुल महिला से कोटड़ी चौराहे पर मिला और उसे साथ लेकर जेके लोन अस्पताल गया। वहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। राहुल द्वारा एक्सीडेंट के कारण बच्चे की मृत्यु होने का विश्वास दिलाने पर महिला ने बच्चे का पोस्टमार्टम नहीं करवाया तथा हिन्दू रिति रिवाज से मुक्तिधाम छावनी में दफना दिया।

### तरीका-ए-वारदात

घटना के दिन राहुल ने महिला से उसके बच्चे समर्थ (अंश) को ले लिया तथा हास्पीटल जाने के बाद बच्चे को लेकर 80 फिट लिंक रोड स्थित स्वयं की दुकान फ्रफ इन्टरप्राईजेज ले गया। जहां पर बच्चे के साथ मारपीट कर की और दीवार पर सिर पटककर बच्चे की हत्या कर दी। अपने बचाव के लिये एक्सीडेन्ट बताकर बच्चे को जेके लॉन अस्पताल में भर्ती करवा दिया।हत्या के बाद जानकार महिला को मनगढ़ंत कहानी सुना मामले को एक्सीडेन्ट का रुप देकर बच्चे के शव को छावनी मुक्तिधाम में दफना दिया। घटना के कुछ दिनों बाद राहुल ने महिला को मैसेज किया कि मैने ही तेरे बेटे को मारा था।

### कार्यवाही का विवरण

» 24 मई को परिवादी महिला ने घटना की रिपोर्ट थाना विज्ञाननगर पर दी। मामला गंभीर प्रकृति का होने से प्रकरण दर्ज कर त्वरित कार्रवाई के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी व हरिराम सोनी एवं सीओ योगेश शर्मा के सुपरविजन तथा थानाधिकारी सतीश चन्द के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। मुल्जिम द्वारा घटना करने के वीडियो रिकोर्डिंग कर स्वयं के लेपटॉप व पेन ड्राईव में डाले गये थे, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। अभियुक्त राहुल को डिटेन कर शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर 2 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया गया।कोर्ट से दफनायें हुए बच्चे के शव को वापस निकाल कर पोस्टमार्टम करवाने की अनुमति प्राप्त की गई। शनिवार को मेडिकल बोर्ड का गठन करवा कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में छावनी मुक्तिधाम से दफनाये गये बालक के शव को वापस निकलवा कर पोस्टमार्टम करवाया गया। शनिवार को बच्चे के शव को वापस परिजनों को सुपुर्द किया गया। अभियुक्त से अनुसंधान जारी है।

### हत्या का कारण

» मुल्जिम राहुल महिला से एक तरफा प्रेम करता था। उसे परिवादी महिला का दूसरो के साथ घूमना व जाना पसन्द नहीं था। इस कारण से द्वेषता, सबक सिखाने व दबाव बनाने के लिये उसके ढाई वर्ष के बालक की निर्मम हत्या की। आरोपी महिला को डरा धमका कर अपने साथ रखना चाहता था, कि अगर तुमने मेरा साथ छोड़ा तो तुम्हारा भी यही हाल होगा।

# छत्तीसगढ़ में बारूद की फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 12 लोगों की मौत

## बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा

बेमेतरा/एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में एक बारूद फैक्ट्री में जोरदार ब्लास्ट हुआ है। इस हादसे में 10 से 12 लोगों के मरने की खबर है। बताया जा रहा है कि मलबे में अभी भी कई लोग दबे हो सकते हैं। घटना बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री की है। फैक्ट्री में 800 से ज्यादा लोग काम करते हैं।

बताया जा रहा है कि सुबह 6 से 7 बजे के बीच हादसा हुआ है। ब्लास्ट के बाद फैक्ट्री के आसपास लोगों की भीड़ जमा है। हादसे में घायल लोगों को रायपुर एम्स और नजदीकी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम भी घटनास्थल पहुंच गई है। बता दें कि यह पूरी घटना बेमेतरा के बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी के पास हुई है।



### पुणे पोर्श कार हादसे में अब नाबालिग आरोपी के दादा भी गिरफ्तार, ड्राइवर को बनाया था बंधक

**पुणे/एजेंसी।** पुणे में पोर्श कार से दो लोगों को कुचलने के 17 वर्षीय नाबालिग आरोपी के दादा को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग के दादा पर आरोप है कि उन्होंने परिवार के ड्राइवर को बंधक बना लिया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल को भी आरोपी बनाया गया है। एक दिन पहले, पुणे पुलिस प्रमुख अमितेश कुमार ने कहा था कि आरोपी के परिवार द्वारा यह स्थापित करने का प्रयास किया गया था कि कार को नाबालिग नहीं चला रहा था। इसके बाद अब किशोर के पारिवारिक ड्राइवर ने भी शिकायत दर्ज करा दी है।यरवदा पुलिस ने किशोर के दादा और पिता के खिलाफ आईपीसी की धारा 365 (किसी व्यक्ति को गुप्त रूप से और गलत तरीके से कैद करने के इरादे से अपहरण करना) और 368 (गलत तरीके से छिपाना या कैद में रखना) के तहत एक केस दर्ज किया है। दुर्घटना के बाद, किशोर के दादा और पिता ने कथित तौर पर ड्राइवर का फोन ले लिया।

### अपराधी के कब्जे से कुल 15.00 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक की बरामद

# ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत पुलिस थाना भटटा बस्ती की कार्यवाही

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित एक मुलजिम गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) भटटा बस्ती में श्रीराम टीला कच्ची बस्ती के पास की गई कार्यवाही मुलजिम से अवैध मादक पदार्थ स्मैक के प्राप्ति स्त्रोत के बारे में है पूछताछ जारी

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस आयुक्त जयपुर बीजू जार्ज जोसेफ द्वारा मादक पदार्थ बेचने वाले अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे आपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही व निगरानी हेतु अति० पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर (द्वितिय) बंजरग सिह



के निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्रीनगर भोपाल सिह भाटी के सुपरविजन में कैलाश कुमार विश्नोई पु० नि० थानाधिकारी थाना भटटा बस्ती जयपुर उत्तर व कालुराम कानि 6237, विरेन्द्र कानि 6363 रिछपाल कानि 3483 सुरेन्द्र कानि 11453 की टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा दिनांक 25.05.2025 को मुखबीर खास की सूचना पर तस्दीक हेतु इलाका थाना क्षेत्र में स्थित श्री राम टीला कच्ची बस्ती भटटा बस्ती जयपुर पर पहुँचे तो एक शक्स दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर इधर उधर भागने लगा जिसको पकड कर चैक किया तो एक पारदर्शी प्लास्टिक की थैली एक पदार्थ से भरी मिली। पदार्थ से भरी थैली को चैक किया तो थैली मे भूरे रंग का मटमैला पाउडरनुमा पदार्थ भरा हुआ है जिसको चैक किया, तो अवैध मादक पदार्थ स्मैक होना पाया जानें पर मुल्जिम अब्दुल पुत्र बुन्दु खा जाति शेख मुसलमान उम्र 35 साल निवासी सर्वे नम्बर 222श्रीराम टीला कच्ची बस्ती भटटा बस्ती जयपुर द्वारा कुल 15.00 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखने पर मुल्जिम के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मुलजिम से अवैध मादकपदार्थ स्मैक के प्राप्ति स्त्रोत के बारे में पूछताछ जारी है।

### मुल्जिम का आपराधिक रिकार्ड

» अब्दुल उर्फ अब्दुला पुत्र बुन्दु खां, जाति मुसलमान, उम्र 23 साल, निवासी– 8, श्रीराम टीला, कच्ची बस्ती, थाना भट्टाबस्ती, जयपुर। अन्य निवास रहीशा लड्डे वाले का मकान, श्रीराम टीला, कच्ची बस्ती, थाना भट्टाबस्ती, जयपुर। अन्य निवास– हाल सर्वे न. 523, भट्टाबस्ती, जयपुर का मुताबिक सजायाबी रिकार्ड थाना के थाना भट्टाबस्ती पर सहित कई पुलिस थानों में विभिन्न मुकदमें दर्ज हैं–

### केजरीवाल ने परिवार सहित किया मतदान

## कहा -मैंने तानाशाही, बेरोजगारी के ख़िलाफ़ वोट डाला



नई दिल्ली/एजेंसी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल,पिता और बच्चों के साथ एक मतदान केंद्र पर के छठे चरण में मतदान किया।केजरीवाल ने कहा मैंने अपने पिता, पत्नी और बच्चों के साथ आज वोट डाला। मेरी माता जी की तबियत बहुत ख़राब है। वो नहीं जा पाईं। मैंने तानाशाही, बेरोजगारी और महंगाई के ख़िलाफ़ वोट डाला। आप भी वोट डालने ज़रूर जाएँ।

वोट डालने के बाद केजरीवाल बोले मैं जनता से अपील करना चाहता हूं कि वोट जरूर डालें, अपने मत के अधिकार का जरूर इस्तेमाल करें...मैं समझता हूं कि भारी संख्या में लोग तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी के खलाफ वोट डाल रहे।

## संक्षिप्त खबर

### पीडता ने थाना राजाखेड़ा पर 3000 रुपए की रिश्वत लेने का लगाया आरोप



**चमकता राजस्थान, धौलपुर( रामदास तरुण)।** राजाखेड़ा कस्बा की निर्मला ६/ङ्ग पीतम सिंह निवासी वार्ड नंबर 25 नयाबास मोहल्ला राजाखेड़ा द्वारा थाना राजाखेड़ा में दिनांक 11/5/ 2024 को एक तहरीर देकर बताया गया कि अपने पति पीतम एवं अपनी सास एवं ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला लेकर थाना राजाखेड़ा में गुहार लगाई थी थाना पुलिस कर्मियों द्वारा 11/5/2024 को तहरीर लेने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिस पर पीड़ता बार-बार थाने के चक्कर लगाती रही। पीड़िता के द्वारा थाने में बार-बार प्रयास किया गया। पीड़िता से थाना पुलिसकर्मियों द्वारा 30000 की राशि रिश्वत को लेकर बातचीत की गई। परंतु पीड़ित निर्धन होने के कारण 30000 की राशि नहीं दे पायी। लेकिन प्रयास को लेकर थाने में तैनात पुलिसकर्मी द्वारा 3000 लेकर मुकदमा नंबर 140 /2024 को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पीडता का कहना है कि 14/05/2024 को हुए मुकदमे में एमएलसी होने के बावजूद भी कोई भी मुकदमा नंबर 140/2024 में कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है ! अर्थात पीड़िता ने यह भी कह दिया गया है ! कि थाना राजाखेड़ा के पुलिसकर्मी द्वारा 27000 रुपए की बकाया राशि नहीं दी गई तो तुम्हारे मुकदमे में कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी। पीड़िता ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार एवं पुलिस महानिदेशक से गुहार लगाई है। पीड़ित ने दिनांक 24/5/2024 को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार जयपुर, जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर, पुलिस महानिदेशक जयपुर को पत्र लिखकर न्याय की लगाई गुहार साथ ही पुलिस कर्मी पर 3000 की रिश्वत लेने का आरोप क्योंकि पुलिस द्वारा 140/2024 में जांच नहीं की गई।

### स्वामी नरहरि देव महाराज का प्राकट्य महोत्सव का शुभारम्भ



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** श्री हरिदासिय राधाप्रसाद सेवा ट्रस्ट और श्री हरिदासीय रसो उपासनस पीठ की ओर से भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थली तथा ब्रज के धाम वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्री ललित कुन्ज आश्रम पर श्री स्वामी हरिदास पीठाश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी राधाप्रसाद देव जू महाराज के सानिध्यं में श्री स्वामी नरहरि देवजी महाराज का 397 वां प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। जिसके तहत अनेक धार्मिक कार्यक्रम,सन्त सेवा एवं महाप्रसादी आदि का आयोजन हुआ। ये कार्यक्रम ठाकुर श्रीराधा लतित बिहारी महाराज की मंगलाचरण आरती एवं समाज गायन के साथ किया गया। जिसमें ब्रज अंचल सहित राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, गुजराज, बिहार, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तराखण्ड, हरियाणा आदि प्रान्त के सन्त और श्रद्वालु शामिल हुए। सभी ने सन्त दर्शन किए और श्री स्वामी नरहरि देवजी महाराज की पूजा-अर्चना की। साथ ही विश्वशान्ति, मानव व परिवार कल्याण की कामनाए कर गौ पालन व गौवंश रक्षा, स्वच्छता, वन सम्प्रदा सरंक्षण आदि का संकल्प लिया। महामंडलेश्वर राधाप्रसाद देव महाराज ने बताया नरहरि देवजी भगवान जगन्नाथजी के अवतार थे। आपने एक वनिक के कोड़ का भी निवारण किया और बताया कि एक बार महंत मुरारी दासजी चार सौ शिष्यों की जमात लेकर आपके यहां पधारे और छह महीने मऊ भोज की दशान नदी के किनारे आप के स्थान पर रुके जो सनकादिक मुनियों की तपस्थली की भी नगरी कही जाती है। एक दिन आपके मन में राम चकला बनाकर संतों को खिलाने की मन में आई शिष्यों द्वारा दशमन दाल भिजा दी गई। शिष्य घबराकर बोले गुरुदेव यह दाल इतनी कैसे पिसेगी गुरुदेव भगवान ने शिष्यों को भजन करने की आज्ञा दी और कहा दाल पिस जाएगी। थोड़ी देर में चारों भाई सनकादिक आए और चार घड़ी में सब दाल पीसकर चले गए। महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने बताया ऐसी कथाएं नरहरि देवजू महाराजजी की बहुत हैं। नरहरि देव जी महाराज श्रीधाम की रज लता उपासक थे आज भी रसिक संत उनकी रहनी रीति पर चलते हैं। महंत मोहिनी बिहारी शरणए मदन बिहारी दासए राधेश्याम बाबाए गौर सुंदरदास बाबाए कुंजबिहारी बाबाए हनी अग्रवालए यश अग्रवाल बिहारीदास बाबा विष्णु शास्त्री आशुतोस शर्मा उपस्थित थे।

### कांग्रेस में अच्छा काम करने वालों को मिलेगा प्रमोशन

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** पहले विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में निष्क्रिय रहने वाले कांग्रेस पदाधिकारियों पर गाज गिर सकती है राजस्थान कांग्रेस ने सक्रिय और निष्क्रिय पदाधिकारियों की एक रिपोर्ट तैयार की है. पीसीसी से लेकर डीसीसी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट तैयार की गई है. परिणामों के बाद जब संगठन में फेरबदल होगा तब अच्छा काम करने वालों का प्रमोशन होगा और निष्क्रिय रहने वालों की छुट्टी हो सकती है। लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद अब कांग्रेस अपने संगठन की मजबूती पर फोकस करेगी जिससे बतौर विपक्ष की भूमिका में राजस्थान में अपना प्रभाव दिखा पाएं संगठन की सक्रियता और मजबूती के लिए कांग्रेस निष्क्रिय पदाधिकारियों की छुट्टी करने का फैसला कर सकती है. वहीं पार्टी के निदेशों पर बेहतर काम करने वालों को प्रमोशन देगी बाकायदा पार्टी ने इसके लिए एक परफॉर्मेंस तैयार की है. पीसीसी संगठन महासचिव ललित तूनवाल ने बाकायदा ईमेल के जरिए तमाम पदाधिकारियों से एक फॉर्मेट में सूचनाएं मांगी थी. जिसमें पद मिलने से लेकर अब तक संबंधित तमाम गतिविधियों की सबूतों सहित डिटेल मांगी गई. मसलन आपको जिस जिले की जिम्मेदारी दी गई,वहां आप कितनी बार गए और कितनी बैठकें ली. पार्टी के डायरेक्शन पर कितने विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा लिया. वहीं विधानसभा और लोकसभा चुनाव में आपकी ड्यूटी कहां थी और आपने कितने समय प्रचार किया। पीसीसी पदाधिकारियों, जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों से फिलहाल यह जानकारी मांगी गई है. यानि करीब एक हजार के आसपास पदाधिकारियों की कार्यशैली की डिटेल जुटाई गई है. वहीं पार्टी का साफ कहना है कि जिन पदाधिकारियों ने अपनी ड्यूटी नहीं निभाई है, उन पर एक्शन होगा. जिन पदाधिकारियों ने अगर अच्छा काम किया है तो उन्हें यकीनन प्रमोशन देते हुए अहम पोस्ट दी जाएगी।

## उदयपुर जिले के बड़गांव थाना पुलिस की कार्रवाई

# पत्थर मारकर हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर/उदयपुर, (खलील कुरैशी)।** उदयपुर जिले में थाना बड़गांव पुलिस ने एक सप्ताह पहले थाना क्षेत्र के बड़ोदिया गांव में आपसी विवाद को लेकर पत्थर मार कर हत्या करने के मामले में चार आरोपियों भंवरलाल पुत्र कालूजी, लोकेश पुत्र भंवरलाल, राहुल बंजारा पुत्र रघु एवं सोनू बंजारा पुत्र रघु निवासी बड़ोदिया थाना बड़गांव को गिरफ्तार किया है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 17 मई को बड़ोदिया निवासी दिनेश बंजारा ने थाना बड़ागांव पर रिपोर्ट दी कि बीते रोज की शाम करीब 6:00 बजे वह अपने भाई और माता-पिता के साथ घर में बैठा था। इतनी देर में पड़ोसी रिश्तेदार भंवर बंजारा, लोकेश बंजारा, राहुल बंजारा, सोनू बंजारा व लक्ष्मीबाई ने उनके घर में पथराव किया, फिर घर में घुसकर लाठियों से उसके भाई प्रकाश पर हमला कर दिया। जब हम उसे बचाने गए तो उन्होंने हमारे साथ भी मारपीट की व धमकी देते हुए रघु बंजारा के घर चले गए।दिनेश ने आगे बताया कि वह अपने भाई प्रकाश के साथ बाहर खड़ा था। इतनी देर में भंवर ने रघु के घर की छत से उसके भाई के सिर पर पत्थर मारा। इस घटना में उसका भाई गंभीर घायल हो गया और हम सभी के भी चोटें आई है। गंभीर घायल भाई को वह एमबीजीएच हॉस्पिटल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान 19 मई को प्रकाश की मौत हो गई।मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी भंवरलाल बंजारा, लोकेश बंजारा, राहुल बंजारा व सोनू बंजारा को मुखबिर की सूचना पर डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे अगले अनुसंधान किया जा रहा है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल तपेंद्र भादू, सुरेंद्र कुमार जाखड़ व रिंकेष कुमार जाखड़ की विशेष भूमिका रही है।



### छोटे भाई को मारने वाला हत्यारा भाई गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, जयपुर/ उदयपुर, (खलील कुरैशी)।** उदयपुर जिले में चार दिन पहले माण्डवा थाना इलाके के सुलाव गांव में गोली मारकर हुई हत्या के मामले में थाना पुलिस ने आरोपी हदिया उर्फ हदा उर्फ अदा पुत्र हुरता गरासिया (59) निवासी सुलाव को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से फरार आरोपी को पुलिस ने सुलाव व हर के जंगल व पहाड़ों में सर्च अभियान चला पकड़ा है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 20 मई की रात सुलाव गांव में दो भाइयों के झगड़े में एक भाई द्वारा दूसरे भाई की गोली मार देने की सूचना पर एसएचओ प्रवीण सिंह राजपुरोहित मय टीम के तुरंत मौके पर पहुंचे। एक चारपाई पर लाला गरासिया की लाश रखी हुई थी। सूचना मिलते ही सीओ राजेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंच गये। एफएसएल टीम को बुलाकर घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए। मृतक लाला की पत्नी झुमरी की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। लाश का सीएचसी कोटड़ा में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दी गई। घटना के बाद हत्या का आरोपी मृतक का बड़ा भाई हदिया उर्फ हदा मौके से फरार हो गया था।आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा व सीओ राजेंद्र सिंह के सुपरविजन में चौकी बिकरनी व जुड़ा से अलग-अलग टीमों का गठन कर आसूचना संकलित की गई। आरोपी हत्या के बाद सुलाव व हर के जंगलों व पहाड़ों में छिपता फिर रहा था। इस पर एसएचओ प्रवीण सिंह राजपुरोहित मय टीम द्वारा घेरा देकर 2 किलोमीटर क्षेत्र में सघनता से तलाश कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### शिवपुराण कथा का हवन यज्ञ कर विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** स्थित न्यू आदर्श नगर कॉलोनी में चैतन्य दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर दस दिवसीय आयोजित शिवपुराण कथा का हवन यज्ञ कर विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में विशेष सहयोगदाता श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, टाइगर क्लब के पीयूष जयशंकर टाईगर, मां अन्नपूर्णा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष हरीश पाठक,पार्षद रेनु गौरावर, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं समाजसेविका बबीता शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि अमित गौरावर, अन्नपूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा का मंदिर कमेटी की ओर से माला, साफा और वीर बजरंगी का चित्र देकर सम्मान किया गया। मंदिर के पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य में आचार्य लोकेश पाराशर, राजू गुप्ता (कृष्णा मोबाइल), अशोक खंडेलवाल, अंजू खंडेलवाल, रोहित गोयल (अभिंनंदन मैरिज होम, प्रेम गार्डन), पंडित रजनी कांत (प्रमुख सेवादार मन्दिर) आदि उपस्थित रहे।

## अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित एरोबिक्स एवं योग प्रशिक्षण शिविर का समापन

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड की सत्यनारायण धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल बाड़ी द्वारा पाँच दिवसीय एरोबिक्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा था जिसमें अग्रवाल महिला मंडल की सक्रिय पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम अग्रसेन महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को शुरू किया गया ! मुख्य अतिथि बाड़ी अग्रवाल सभा के उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाड़ी अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज मंगल ने की विशिष्ट अतिथि हरिओम बंसल, सचिन बंसल, शिविर एरोबिक्स प्रशिक्षक डॉ. निरमा सिंघल, आशा बंसल, रानी गर्ग मंचासीन रहे।मंचासीन अतिथियों का अग्रवाल महिला मंडल की उपाध्यक्ष सुमन बंसल, सूचना मंत्री नीतू सिंघल, दीपिका मंगल, नीलम मंगल, सुनीता मित्तल, शशि मंगल सहित अन्य के द्वारा उपर्णा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गया।इस एरोबिक्स एवं योगा व्यायाम शिविर में अग्रवाल महिला मंडल की महिलाओं के साथ शहर की अन्य काफी महिलाओं ने भाग लिया।यह शिविर 21 मई से 25 मई तक सुबह 5 बजकर 15 मिनट से शुरू होकर 6 बजकर 30 मिनट तक प्रतिदिन चला।जिसमें प्रतिदिन 80 से 100 महिलाओं ने भाग लेकर इस शिविर का लाभ लिया। पांच दिवसीय शिविर में एरोबिक्स प्रशिक्षक निरमा सिंघल और बंसल ने शानदार तरीके से महिलाओं को फिट व स्वस्थ रहने के टिप्स बताए। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज मंगल ने महिलाओं के इस कार्य की काफी तारीफ की और कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग करना सेहत के लिए बहुत जरूरी है। बंसल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है और इसी से हम देश को भी स्वस्थ बनाने में अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि सचिन बंसल और अरुण गर्ग ने कहा कि मुझे बड़ी खुशी की अनुभूति हो रही है कि महिलाएं भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नजर आ रही हैं।पाँच दिवसीय एरोबिक्स शिविर में कई तरह की योग क्रियाओं के माध्यम से शरीर को फिट व स्वस्थ रखने के लिए आसान कराए गए जिनका मौजूद महिलाओं द्वारा लाभ लिया गया, साथ ही एरोबिक्स भी कराया गया। योग शरीर को स्वस्थ बनाता है एवं मनुष्य को रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।कार्यक्रम का मंच संचालन सुमन बंसल द्वारा किया गया। रजनी सिंघल, ऊषा मित्तल सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



### मुख्य सचिव ने की हीटवेव, मौसमी बीमारियों पेयजल, बिजली, राजस्व प्रकरणों पर समीक्षा

**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा शनिवार को समस्त जिला कलक्टर के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया। बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से जिला कलेक्टर निधि बी टी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने हीटवेव, मौसमी बीमारियों, पेयजल, बिजली, राजस्व प्रकरणों, पौधारोपण सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा की आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की हीटवेव के चलते सभी चिकित्सकीय संस्थानों में पेयजल, बिजली, बैठने की व्यवस्था और आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव पंत ने अधिकारियों को फील्ड में निरीक्षण के माध्यम से निर्देशानुसार आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



### लोहरवाड़ा में नसीराबाद उपखण्ड अधिकारी का औचक निरीक्षण

चमकता राजस्थान

**श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर ग्राम लोहरवाडा में पंचायत भवन, पटवार भवन व आंगनबाडी केन्द्र प्रथम व द्वितीय व उप स्वास्थ्य केन्द्र व पेयजल आपूर्ति का औचक निरीक्षण किया गया। वक्त निरीक्षण पंचायत भवन लोहरवाडा में उपस्थिति पंजिका की जांच करने पर कनिष्ठ लिपिक के हस्ताक्षर नहीं पाये गये व उक्त कार्मिक दौराने निरीक्षण अनुपस्थित पाया गया व आंगनबाडी भवन लोहरवाडा प्रथम में रिकोर्ड संधारित होना नहीं पाया गया व अनेक अव्यवस्थाएं पायी गयी। उपरोक्त निरीक्षण में पायी गयी अनियमितताओं के बारे में संबंधित ब्लॉक अधिकारी को अवगत कराया गया व साथ ही उपखण्ड अधिकारी नसीराबाद द्वारा सहायक अभियंता पीएचईडी के साथ ग्राम में पेयजल आपूर्ति व पम्प हाउस का निरीक्षण किया गया।



## आम नागरिक समिति के तत्वाधान में उपखंड अधिकारी को सौपे ज्ञापन

# अघोषित बिजली व पेयजल संकट से त्रस्त नागरिकों ने किया नगर बंद


➲ कनिष्ठ अभियंता कार्यालय का किया घेराव व किया प्रदर्शन

चमकता राजस्थान

**(रमेश मोदी)।** गंगधार उपखंड में विद्युत विभाग द्वारा लगातार की जा रही अघोषित बिजली कटौती से आक्रोशित नागरिको ने आज नगर बंद रखकर, बिजली विभाग कार्यलय का घेराव कर धरना प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौप कर उक्त समस्या का 2 दिन में हल नही होने पर अनिश्चित काल के लिए नगर बंद कर ,उग्र धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है ,आम नागरिक समिति के बैनर तले आक्रोशित नागरिको ने आज उपखंड अधिकारी गंगधार को मैनेजिंग डायरेक्टर जयपुर विधुत वितरण लिमिटेड जयपुर ,व कोटा मंडल रेल प्रबंधक ,के नाम ज्ञापन सौपे ,ठप्प पड़ी नगर की सफाई व्यवस्था व रोड लाइट ,व समुचित पेयजल आपूर्ति, अव्यवस्थित सब्जी मंडी के समाधान केलिए सरपंच चौमहला को भी ज्ञापन सौपा है ,उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से प्रचंड गर्मी का कहर जारी है तापमान 43 डिग्री को पार कर गया है ,दिनभर लू के थपेड़ों से नागरिक त्रस्त हो चुके है उसपर बिजली विभाग का जुल्मोसितम अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज जिससे न तो पंखे ,चल पा रहे है ओर नही कूलर ,और नागरिको के घरों में लगे ट्यूबवेल भी नही चल पा रहे है ,एवं बिजली कटौती से पेयजलापूर्ति भी प्रभावित होरही है जलदाय विभाग का कहना है कटौती के चलते नियमित जलापूर्ति नही हो रही है जिससे कत्रिम जल संकट पैदा हो रहा है रेलवे द्वारा चौमहला के मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन अंडर पास कार्य की तय सीमा समाप्त होने के बाद भी धीमी गति से कार्य करने के कारण अभी तक पूर्ण नही हुवा है ,जिससे आम जनता को जान जोखिम में डाल कर लाइन कर जाना पड़ रहा है ,शव यात्रा ,पेदल राहगीर ,मरीज ,व स्कूली छात्रों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है ,कस्बे के व्यापार चौपट हो गया है जनता को 5 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है।



### हलैना के सरकारी स्कूल की बालिकाएं रही अव्वल



**चमकता राजस्थान, हलैना (राजवीर सिंह)।** उपखण्ड वैर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों का माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12 वीं कला और विज्ञान वर्ग का परीक्षा परिणाम अच्छा रहने से ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्रा और उनके परिजन खुश है। क्षेत्र के अनेक सरकारी स्कूलों का शत प्रतिशत परिणाम रहा है और इस बार सरकारी स्कूलों ने निजी स्कूलों को परीक्षा परिणाम में पीछे छोड दिया। निजी स्कूल सरसैना के डीपीएम पब्लिक उच्च माध्यमिक स्कूल, हन्तरा के चौधरी शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक स्कूल आदि शत प्रतिशत परिणाम रहा है। कस्वा हलैना के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल की कक्षा 12 वी के विज्ञान व कला वर्ग में बालिकाओं ने बाजी मारी है। प्रधानाचार्य तुलसीराम शर्मा ने बताया कि विज्ञान वर्ग में गांव तिलचिवी निवासी कुमकुम फौजदार पुत्री रामेश्वर फौजदार पत्रकार प्रथम ,हलैना निवासी प्रशान्त कुमार पुत्र भीम सिंह द्वितीय ,कुमारी सन्जु पुत्री श्याम सिंह ने तृतीय रैंक प्राप्त की। वही कलां वर्ग में दिव्या पुत्री मान सिंह ने प्रथम, आरती पुत्री सुरेशचन्द ने द्वितीय व कुसुम पुत्री सुरेशचन्द ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आरती एवं कुसुम सगी बहिन है। अच्छे अंक प्राप्त करने वालेविद्यार्थियोंने बताया कि प्रधानाचार्य महोदय एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा विद्यालय में अनुशासन एवं पढ़ाई पर विशेष जोर दिया अतिरिक्त कक्षाएं लगाई इसी का परिणाम है कि हम अच्छे अंक प्राप्त कर सके। इसी प्रकार सेगांवसरसैना, भूतौली, गोविन्दपुरा, धरसौनी, अरौदा, नैवाडा, वैर, जहानपुर आदि स्थान के सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा है।

एक नजर

## विधिक जागरूकता शिविर में मिली कानून की जानकारी



**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से शनिवार को कौआकोल प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो की अध्यक्षता में लोक अदालत विषय को लेकर विधिक जागरूकता सह मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ उमेश्वर प्रसाद एवं पैनल अधिवक्ता रामानुज कुमार ने शिविर का संचालन किया ।उपस्थित जनों को लोक अदालत के महत्व और इससे होने वाले लाभ से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वैसे अपराधिक वाद जो जमानतीय धारा के अंतर्गत आता है।लोक अदालत के माध्यम से सुलह समझौते के आधार पर इसका निस्तारण किया जा सकता है। इसमें दोनों पक्षों का सहमत होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में आपसी रजामंदी से सुलझने वाले लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए लोक अदालत एक सरल और सशक्त मंच है।

## पटना जंक्शन के ट्रैक पर लेटे शख्स के ऊपर से गुजरी वास्को-डी-गामा ट्रेन

**पटना।** पटना जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी वास्को-डी-गामा ट्रेन के नीचे एक विक्षिप्त व्यक्ति घुस गया। जब तक सुरक्षाकर्मियों की नजर उस पर पड़ती तब तक ट्रेन चल दी। हालांकि, वह सुरक्षित बच गया। बाद में उसे समझा-बुझाकर सुरक्षा कर्मियों ने बाहर निकाला। घटना शनिवार की है। घटना से संबंधित वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। दो मिनट 40 सेकेंड के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि व्यक्ति किस तरह बिना हिले अपने आपको पटरियों और ट्रेन के बोगियों के नीचे सुरक्षित रखने की कोशिश कर रहा है। आसपास मौजूद लोग उसका हौसला बढ़ाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में आवाज आ रही है कि लेटे रहो बस ट्रेन जाने ही वाली है। ट्रेन चले जाने के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाल जीआरपी अपने साथ ले गयी है।

## सड़क दुघर्टना में पिता की मौत, पुत्र गंभीर रूप से घायल

**भागलपुर।** जिले के रसलपुर थाना क्षेत्र के एकचारी - मोहनपुर मार्ग स्थित मिरघटी गांव के समीप शनिवार को एक बाइक और टाटा 407 के बीच आमने सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक व्यक्ति सनोखर गांव निवासी विष्णु देव साह के 50 वर्षीय पुत्र शंकर साह है। वहीं जख्मी युवक शंकर साह का पुत्र है। बताया जा रहा है कि दोनों पिता पुत्र किसी जरूरी काम से कहलगांव जा रहे थे। इसी दौरान महगामा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार ट्रांसपोर्ट की गाड़ी टाटा 407 ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक चला रहे युवक का संतुलन बिगड़ गया और पीछे बैठा व्यक्ति गिरकर टाटा 407 गाड़ी के चक्का के अंदर चला गया, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

## नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म मामले में धमार्नंद बाबा गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म मामले में 24 घंटे के अंदर आरोपित को मुंगेर से गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी शनिवार को सिटी राज ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि बीते 24 मई को मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने महिला थाना भागलपुर को आवेदन दिया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि उनकी बच्ची के साथ एक आश्रम (राघोपुर टीकर) में धमानंद बाबा के द्वारा दुष्कर्म किया गया है। इस संबंध में महिला थाना में सुसंगत धाराओं में मामला में पंजीकृत किया गया। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर धमानंद बाबा को असरगंज थाना क्षेत्र के जलालाबाद (मुंगेर) से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में स्पीडी ट्रायल कराकर अभियुक्त को सजा दिलाई जाएगी। गिरफ्तार धमार्नंद बाबा जगदीशपुर थाना क्षेत्र के वादे गांव का रहने वाला है।


## ट्रेन की चपेट में आने से मतदान कर्मी की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने आ रहे एक मतदानकर्मी शिक्षक की शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। सुगौली रेल थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हावड़ा से आ रही मिथिला एक्सप्रेस सुगौली स्टेशन पर रुक रही थी।इसी दौरान शिक्षक ट्रेन से उतरने के क्रम में प्लेटफार्म के नीचे चला गया। जिस कारण ट्रेन से कट कर घटना स्थल पर हीं उसकी मौत हो गई।मृत शिक्षक ढाका थाना क्षेत्र के कुशवंतीपुर गवेन्द्री निवासी राम लक्ष्मण भगत के पुत्र 55 वर्षीय कन्हैया प्रसाद केशव बताया गया है। रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि मृत शिक्षक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।वही इस मामले में यूडी केस दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही है। वही इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है।सुगौली बीडीओ तेज प्रताप त्यागी ने बताया कि उक्त शिक्षक सुगौली में रिजर्व मतदान कर्मी के रूप में प्रतिनियुक्त थे।

# वोटरों को धमका रही पुलिस : अभिजीत

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तमलुक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर नंदीग्राम में वोटरों को डराने के लिए पुलिस का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा, राज्य पुलिस की एक टीम शुक्रवार रात नंदीग्राम के विभिन्न गांवों में पहुंची और वोटरों को धमकाया।



शुक्रवार को ही नंदीग्राम के सोनाचूरा इलाके में हमारी एक महिला पार्टी कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। पुलिस दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय हमारी पार्टी के कार्यकताओं को परेशान कर रही है। शनिवार को सुबह सात बजे वोटिंग शुरू होने के बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न बूथों का दौरा किया।

हल्दिया में एक मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के बावजूद उन्होंने अपना संयम बनाए रखा।

वह जब वोटिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेने बूथ पर पहुंचे, तभी तृणमूल कार्यकताओं के एक समूह ने उन्हें घेरकर नारे लगाने शुरू कर दिए। केंद्रीय बलों ने प्रदर्शन कर रहे तृणमूल कार्यकताओं को गंगोपाध्याय के पास आने से रोक दिया। भाजपा उम्मीदवार विरोध के बावजूद भी संयत रहे।

वह अपने पोलिंग एजेंटों से बातचीत करके चले गए। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की।

इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल ने राज्य पुलिस का इस्तेमाल कर शुक्रवार रात से नंदीग्राम के विभिन्न इलाकों में वोटरों को डराने-धमकाने का काम किया है।

### तमलुक में धरने पर बैठे भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली

**कोलकाता।** तमलुक लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली मोयना इलाके में धरने पर बैठ गए। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। अभिजीत मोयना में भाजपा प्रत्याशी अशोक डिन्डा के घर पर पुलिस तलाशी का विरोध करने पहुंचे और धरने पर बैठ गये। उन्होंने आरोप लगाया कि मोयना पंचायत समिति के प्रतिपक्ष नेता गौतम गुरु "लापता" हैं। उन्हें तृणमूल के लोगों ने अपहरण किया है।

पूर्व जस्टिस गांगुली ने कहा कि शुक्रवार रात से उनके दोनों फोन पर कई बार कॉल की गई है। लेकिन उसने फोन नहीं उठा है। गौतम की पत्नी से यह शिकायत मिलने के बाद तमलुक से भाजपा उम्मीदवार उनके घर गए। वह गौतम के घर के सामने पुलिस के खिलाफ धरना देते रहे हैं।

## निर्वाचन कार्य में संलग्न मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण

**किशनगंज।** लोकसभा आम निर्वाचन अन्तर्गत किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो चुका है। जिलाधिकारी तुषार सिंगला के निदेर्शानुसार लोकसभा आम निर्वाचन के लिए मतगणना कार्य में संलग्न मतगणना सहायक को मतगणना कार्य से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में रचना भवन, डी.आर.डी.ए. में प्रथम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना 04 जून को कृषि उत्पादक बाजार समिति के गोदाम संख्या 06 में निर्धारित है। अतः सभी मतगणना सहायक 04 जून के प्रातः 06 बजे कृषि उत्पादक बाजार समिति में आकर अपना नियुक्ति पत्र प्राप्त करेंगे एवं मतगणना कार्य में भाग लेंगे।

# मंगलकोट थाना पुलिस ने मंगलकोट में बड़ी राजनीतिक हिंसा रोकी

संवाददाता

**कोलकाता।** शुक्रवार की सुबह सदर मंगलकोट इलाके में एक तृणमूल कार्यालय पर कब्जा होने से सनसनी फैल गयी। हालांकि, झड़प से पहले मंगलकोट थाने के आईसी मधुसूदन घोष बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंचे। बाद में कटवा सब-डिवीजन के पुलिस अधिकारी काशीनाथ मिस्त्री ने खुद आकर पूरी घटना का गहन निरीक्षण किया और घटनास्थल पर खड़े रहे। भतार-केतुग्राम-कटवा और यहां तक कि सीमा पर बर्दवान सदर से भी सैनिक मंगलकोट आये, बाद में केंद्रीय बलों ने इस पार्टी कार्यालय की रक्षा की। जैसे ही 200-250 लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ जाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर मंगलकोट आईसी के लोगों के इकट्ठा होते ही ऑपरेशन नहीं चलाया जाता तो उस दिन हिंसा की घटना हो सकती थी। 15 जुलाई 2009 को उत्तर पूर्व मंगलकोट के ध्यानरुखी में तत्कालीन कांग्रेस विधायक मानस भुईया की जमीन पर राज्य में बदलाव से पहले पंचायत समिति अध्यक्ष, सीपीएम जोनल नेता और के पद पर तीन हस्तियों की दौड़ को कोई नहीं भूला है! इस मंगलकोट में अलग-अलग समय पर राजनीतिक नेताओं-जनप्रतिनिधियों की हत्याएं की गईं। 2011 में भले ही राज्य में तृणमूल सरकार आ गयी, लेकिन हत्या का इतिहास बरकरार है। आजाद मुंशी - दलिम सिख - असीम दास जैसे तृणमूल नेता मंगलकोट के मध्य में पार्टी के झगड़े में मारे गए हैं। 2013 के बाद से मंगलकोट में शून्य विरोध हुआ है। 2022 में अपनी जेल यात्रा तक अणुव्रत मंडल का मंगलकोट में पूर्ण प्रभाव था। मंगलकोट में फिर अशांति के काले बादल मंडरा रहे हैं। जिसकी झलक शुक्रवार की सुबह सात बजे सदर मंगलकोट इलाके में लागोआ तृणमूल कार्यालय में अतिक्रमण अभियान को लेकर देखने को मिली।तृणमूल कार्यालय राज्य सड़क संख्या 7 (बादशाही रोड) के किनारे अस्पताल के पास के क्षेत्र में स्थित है। शांता - इस कार्यालय में लाल्टू के अनुयायी रहते हैं।



# 5000 रुपये में शरीर के 80 टुकड़े, बांग्लादेश सांसद की हत्या का विस्फोटक कबूलनामा

संवाददाता

**कोलकाता।** समय के साथ बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की हत्या से जुड़ी तमाम भयानक जानकारियां सामने आ रही हैं। इलाज के लिए कोलकाता आने पर जिस तरह से उसे अपनी जान गंवानी पड़ी, उससे हर कोई उसकी क्रूरता से हैरान है। यह हॉलीवुड-बॉलीवुड थ्रिलर को मात देता है! हत्याकांड में पकड़े गए कसाई जिहादी से लगातार पूछताछ में जांचकताओं को जो विस्फोटक जानकारियां मिल रही हैं, उससे अफसरों का सिर चकरा गया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान उसने बताया कि अनवारुल के शव को 80 टुकड़ों में काटकर न्यूटाउन, भांगड़ इलाके के विभिन्न स्थानों के जलाशयों में फेंक दिया गया था। इसके बदले में उसे 5000 रुपये मिले। और जांचकताओं के अनुसार, उसके कबूलनामे के बाद, उन टुकड़ों को पुनर्प्राप्त करना अधिक कठिन हो गया। माना जा रहा है कि यह पहले ही



किसी जलीय जीव के पेट में चला गया होगा। जेनाइदाह सांसद अनवारुल अजीम 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आये थे। 13 तारीख की रात को उनके न्यूटाउन फ्लैट में उनकी हत्या कर दी गई थी। दो दिन तक लापता रहने के बाद पुलिस ने उसकी हत्या की पुष्टि की। घटना की जांच सीआईडी कर रही है। हत्या में शामिल होने के संदेह में बांग्लादेश से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं बनगांव से जिहाद और सियाम नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनमें जिहाद कसाई है। बांग्लादेश का निवासी होते हुए भी वह मुंबई में काम करता था। जिरह में पता चला कि उन्हें सांसद की हत्या की सुपारी दी गई थी। इसलिए मुंबई से कलकत्ता आने के बाद बनगांव बॉर्डर के रास्ते बांग्लादेश भागने की योजना थी। इसके बीच में फंस गए। हत्या के बाद सांसद के शव को टुकड़ों में काटकर इलाके के जलाशय में फेंक दिया गया। गुरुवार की रात से जलाशय की लगातार खोजबीन के बाद भी अब तक एक भी हिस्सा बरामद नहीं हुआ है। शुक्रवार को गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस को और सनसनीखेज जानकारी मिली। पता चला है कि जिहाद के लिए 5000 रूपए दिए गए थे। हत्या के बाद अनवारुल के शव को 80 टुकड़ों में काट दिया गया। दिमाग पूरी तरह से चकनाचूर किया गया है। हड्डियाँ और मांस अलग करके केला के पता में प्रत्येक स्थान के जलाशयों में डाल दिये गये। हालाँकि, लोग अभी भी इस बारे में चुप्पी साधे हुए हैं कि क्या डंप किया गया है। हालांकि पुलिस का अनुमान है कि शव के टुकड़े ढूंढना मुश्किल है।

# किशनगंज पुलिस पर पश्चिम बंगाल में हुए हमला में सदर थानाध्यक्ष सहित दो सिपाही घायल

एजेंसी

**किशनगंज।** शहर से सटे पश्चिम बंगाल के चकलिया थानाक्षेत्र के विलायतीबारी में शुक्रवार को मक्का लूट के मामले के आरोपित को पकड़ने गई सदर पुलिस पर आरोपित पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। हमले में सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार, प्रोबेसनर अवर निरीक्षक अंकित कुमार, तकनीकी सेल के इरफान घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा था। वही बचाव में आत्मरक्षार्थ पुलिस के द्वारा हवाई फायरिंग की भी बात कही जा रही है। घटना के बाद किशनगंज पुलिस किसी तरह से मौके से निकली। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस के वाहन पर भी हमला कर दिया, जिससे पुलिस का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि 14 मई को गाछपाड़ा के पास ट्रैक्टर में लदे मक्का लूट की घटना घटी थी, जिसके आरोपित को पुलिस तलाश कर रही थी। पुलिस आरोपित का पीछा करते हुए रामपुर विलायतीबारी के पास पहुंची। पुलिस ने मौके से एक आरोपित को हिरासत में लिया। पुलिस जैसे ही आरोपित को पकड़ कर ले जाने लगी। तभी वहां मौजूद कुछ लोग पुलिस से उलझने लगे। कुछ लोग पुलिस के वाहन पर पथराव भी करने लगें। पथराव में सदर थानाध्यक्ष सहित दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिसकर्मी किसी तरह से वहां से निकले। एसडीपीओ गौतम कुमार ने शनिवार को बताया कि मक्का लूट मामले के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस आरोपी का पीछा करते हुए पहुंची थी। इस दौरान आरोपी को छुड़ाने की मंशा से कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हुए है। दालकोला एसडीपीओ रतींद्र नाथ विश्वास ने बताया कि किशनगंज पुलिस को बंगाल पुलिस को सूचना देनी चाहिए।घटना की जांच की जा रही है। वहीं स्थानीय विधायक मिनाज आलम ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस ने बिना बंगाल पुलिस को जानकारी दिए यहां रेड की और स्थानीय नूर आलम को पकड़कर ले गए। उसका क्या कसूर है, पता नहीं है। उन्होंने फायरिंग भी की। पुलिस ने 3 खोखा बरामद किया है। मिनाज आलम ने कहा कि हमलोग बिहार-बंगाल के बोर्डर पर रहते हैं।



## प्रसिद्ध रंगकर्मी प्रसाद रत्नेश्वर को मिला नटराज कला सम्मान

**पूर्वी चंपारण।** जिले के प्रसिद्ध रंगकर्मी प्रसाद रत्नेश्वर को नाट्य संवर्ग अभिनय में विशिष्ट योगदान के लिए 2024 का नटराज कला सम्मान मिला है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् (आईसीसीआर) एवं कला,संस्कृति एवं युवा विभाग,बिहार सरकार के सहयोग से नटराज कला मंदिर,पटना के द्वारा प्रेमचंद रंगशाला में 23 से 25 मई तक आयोजित 14 वां नटराज उत्सव में प्रसाद रत्नेश्वर को उनके विलक्षण एवं विपुल योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। सम्मान के रूप में नटराज का आकर्षक प्रतीक चिह्न,प्रशस्ति पत्र,अंगवस्त्रम तथा सम्मानजनक नकद राशि भेंट की गई। मौके पर संस्था के अध्यक्ष कुमार अनुपम, सचिव अंजुला कुमारी एवं कोषाध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती ने कला संवर्धक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए इस निर्णय से अवगत कराया।

## पिस्टल दिखाकर आंख में डाली मिर्ची पाउडर और लूट लिए साढ़े तीन लाख के आभूषण



एजेंसी

**पूर्णिया।** एक आभूषण विक्रेता से लूटरों ने पिस्टल दिखाकर और आंख में मिर्ची पाउडर डालकर शुक्रवार रात साढ़े तीन लाख रुपए के आभूषण लूट लिये। घटना पूर्णिया के मधुबनी थाना क्षेत्र के तरवन्ना मोड की है, जहां तीन लूटेरों ने मिलकर दुकान बंद कर जा रहे आभूषण विक्रेता को घेर लिया और पिस्तौल तान दी , जिसका आभूषण विक्रेता ने विरोध किया। इसी विरोध के दौरान लूटरों ने आभूषण विक्रेता के आंख में मिर्ची का पाउडर झोंक दिया, जिससे आभूषण विक्रेता छटपटा कर बिलखने लगा और आभूषण से भरी थैली लेकर अपराधी भाग गए। पीड़ित दुकानदार का नाम संतोष कुमार है जो घटनास्थल के बिल्कुल पास तारानगर के निवासी हैं। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि वह अपने दुकान को बंद कर सोने चांदी के गहने को एक झोला में डालकर पैदल घर की ओर जा रहा था परंतु बीच रास्ते में ही तीन लूटरों ने मुझे घेर लिया और पिस्टल तान दी फिर झोला छीनने लगे। झोला छीनने के दौरान मुझसे हाथापाई होने लगी। उसके बाद उनमें से एक ने मेरे चेहरे पर मिर्ची का पाउडर फेंक दिया । मैं बेबस हो गया। सभी अपराधी झोला छीनकर वनभाग मझली चौक की ओर भाग निकले। हाट थाना प्रभारी कौशल कुमार ने शनिवार को बताया कि घटना की जांच की जा रही है तथा आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी के कैमरे के फुटेज को देखा जाएगा फिर अनुसंधान कर अपराधियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# नारायणा अस्पताल ने दूसरे एओर्टिक कॉन्क्लेव की मेजबानी की

संवाददाता

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता के नारायणा हेल्थ्स आरएन टैगोर हॉस्पिटल मुकुंदपुर ने बहुप्रतीक्षित तीन दिवसीय पूर्वी भारत के दूसरे एओर्टिक कॉन्क्लेव की मेजबानी की। कॉन्क्लेव 24 से 26 मई, 2024 तक चलेगा। इस ऐतिहासिक तीन दिवसीय कार्यक्रम ने प्रमुख डॉक्टरों और विशेषज्ञों को नवीनतम प्रगति पर चर्चा और प्रदर्शन करने के लिए एक साथ लाया। कॉन्क्लेव व समेल्लन में 200 से अधिक चिकित्सकों, शोधकताओं और उद्योग जगत से जुड़े लोग शामिल हुए। दुनियाभर के प्रसिद्ध संस्थानों के वक्ताओं और पैनलिस्टों की कतार के साथ, कॉन्क्लेव ने उपस्थित लोगों को एओर्टिक से संबंधित सर्जरी और हस्तक्षेप के क्षेत्र में अग्रणी विशेषज्ञों से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। यहां कार्यशालाओं के अलावा, कॉन्क्लेव ने एओर्टिक रोगों के निदान और उपचार में क्रांति लाने के लिए अत्याधुनिक पारंपरिक तकनीकों का प्रदर्शन किया। अत्याधुनिक इमेजिंग तौर-तरीकों से लेकर नवीन न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रियाओं तक, उपस्थित लोग अगली पीढ़ी के हृदय संबंधी हस्तक्षेपों को देखने में सबसे आगे थे।




अनुभवी डॉक्टरों की एक टीम जिसमें डॉ. अतनु साहा और डॉ. ललित कपूर, वरिष्ठ सलाहकार कार्डियक सर्जरी, डॉ. प्रदीप नारायण, चीफ साइंटिफिक ऑफिसर और वरिष्ठ सलाहकार कार्डियक सर्जरी-वयस्क, डॉ. शुवरो एच रॉय चौधरी, निदेशक, कार्डियक सर्जरी शामिल हैं। डॉ. अरूप कुमार घोष, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में क्लिनिकल लीड और कार्डियक सर्जरी में वरिष्ठ सलाहकार - वयस्क, ने इस परिवर्तनकारी घटना पर अपने विचार और विशेषज्ञता साझा की तथा अभूतपूर्व प्रगति पर प्रकाश डाला।

कार्डिएक सर्जरी के वरिष्ठ सलाहकार और दूसरे पूर्वी भारत एओर्टिक कॉन्क्लेव 2024 के आयोजन सचिव डॉ. अतनु साहा ने कहा कि दूसरा पूर्वी भारत एओर्टिक कॉन्क्लेव कार्डियोवैस्कुलर चिकित्सा के विकास में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करता है। शीर्ष स्तरीय प्रतिभा और अत्याधुनिक तकनीक को एक साथ लाकर, हमारा लक्ष्य उन प्रगतियों को उत्प्रेरित करना है जो अंततः दुनिया भर के रोगियों के लिए बेहतर परिणामों में तब्दील होंगी। एओर्टिक से संबंधित सर्जरी हृदय चिकित्सा में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है क्योंकि हृदय से शरीर के बाकी हिस्सों तक रक्त ले जाने वाली मुख्य धमनी के रूप में महाधमनी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि तुरंत और प्रभावी ढंग से इलाज न किया जाए तो महाधमनी विच्छेदन और रोड़ा जैसी स्थितियां जीवन के लिए खतरा हो सकती हैं। ईस्टर्न इंडिया एओर्टिक कॉन्क्लेव जैसे सम्मेलन आवश्यक हैं क्योंकि वे चिकित्सा पेशेवरों को नवीनतम सर्जिकल तकनीकों, तकनीकी प्रगति और महाधमनी रोगों के प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं पर अपडेट रहने के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करते हैं। ये सम्मेलन सहयोग, नवाचार और एओर्टिक सर्जरी में शामिल जटिलताओं की गहरी समझ को बढ़ावा देते हैं, जिससे अंततः रोगी की देखभाल और परिणामों में सुधार होता है।

## अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री ध्वस्त ,चार गिरफ्तार

एजेंसी

**नवादा।** सिरदला थाना क्षेत्र व रजौली थाना क्षेत्र के सीमा वर्ती जंगल शेलगढ़ में उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को संयुक्त रूप से छापेमारी की इस दौरान दो स्थानों पर घने जंगल वाले इलाके में संचालित अवैध शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री को ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में जावा महुआ, शराब बनाने प्रयुक्त उपकरण व भट्टी को नष्ट किया गया। मौके पर टीम ने करीब 4000 किलो जावा महुआ,मीठा का घोल व करीब 120 लीटर,अवैध महुआ शराब व शराब के उपकरण को आग के हवाले करते हुए महुआ मीठा के घोल को भी विनिष्ट कर दिया. हालांकि, इस दौरान दो शराब माफिया मौके पर से फरार हो गये.चार को मौके से गिरफ्तार किया गया। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे अवर निरीक्षक रूपेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की शैलगढ के जंगल में अवैध शराब निर्माण किया जा रहा है,जिसके सत्यापन के बाद अवैध शराब कारोबार करने व करवाने वाले तीन धंधेबाजों को चिह्नित कर चार को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है.साथ ही शैलगढ़ के घने जंगल में शराब निर्माण कर रहे दो शराब भट्ठियों से चार लोगो को घेरा बंदी करते हुये गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किये गये लोगों ने बताया कि सिरदला थाना क्षेत्र के हेमाज भारत गांव के स्व.बिनोद यादव के पुत्र अरविंद कुमार उर्फ मोहन,बसेरिया गांव के कमलेश कुमार,बिपिन कुमार तथा शेरपुर गांव के संजय पासवान, के द्वारा भट्ठी का संचालन किया जा रहा था, जो इनके द्वारा झारखंड क्षेत्र से मजदूरों को ला कर शराब बनाने के काम में लगाया गया था। गिरफ्तार सभी लोगों पर उत्पाद अधिनियम के धारा 30 ए व 30 सी के तहत कार्रवाई की जा रही है ,जिसे न्यायालय को सुपुर्द किया जा रहा है। पुलिस मुखबिर जो शेलगढ के घने जंगल में शराब का मिनी फैक्ट्री लगा रखा था, जिसे उत्पाद पुलिस ने कड़ी मस्कत के बाद ढूंढ तो निकाला पर मौके से भागने में सफल रहा ।



## एक नजर

### मां और मैंने लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट डाल कर अपना योगदान दिया : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष व कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस के सांसद राहुल ने आज नई दिल्ली में मतदान किया। इनके साथ कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और राबर्ट वाड्रा ने भी अपना वोट डाला। नई दिल्ली मतदान केंद्र पर प्रियंका वाड्रा अपने बेटे रेयान राजीव वाड्रा और बेटी मिराया वाड्रा के साथ देखे गए। मतदान केंद्र से बाहर मीडिया से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा कि मां और मैने लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए वोट डालकर योगदान किया। राहुल ने अपनी मां सोनिया गांधी के साथ सेल्फी लेते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक फोटो पोस्ट की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा है, शनिवार छठे चरण का मतदान है और हर वोट सुनिश्चित करेगा कि युवाओं के लिए 30 लाख खाली सरकारी पदों पर भर्ती और 1 लाख रुपये साल की पहली नौकरी पक्की योजना शुरू हो जाए।

### रूस ने खारकीव में रेलवे पटरी और ट्रेन को उड़ाया

**कीव।** यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र में रूस ने हमला कर ट्रेन और रेलवे पटरियों को उड़ा दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि खारकीव में रूसी सेना नए सिरे से भीषण हमला करने के बाद क्षेत्र से बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रीय रेलवे संचालक यूक्रजालिज्नित्सिया के मुताबिक रात भर किए गए हमले में इमारतों और मालगाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है। खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनियेहुबोव ने बताया कि रूस द्वारा 10 मई को खारकीव क्षेत्र पर आक्रमण शुरू करने के बाद से 11,000 से अधिक लोगों को वहां से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

### सुरक्षा परिषद ने संयुक्त राष्ट्र संघ और सहायता कर्मियों पर हमलों की निंदा प्रस्ताव को दी मंजूरी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसमें मानवीय कार्यों में लगे संयुक्त राष्ट्र के सहायता कार्यकताओं और संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर हमलों की कड़ी निंदा की गई है। प्रस्ताव में मांग की गई है कि सभी लड़ाके अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार उनकी रक्षा करें। प्रस्ताव के पक्ष में 14 मत पड़े जबकि इसके खिलाफ किसी ने भी वोट नहीं किया। रूस मतदान से अनुपस्थित रहा। स्विटजरलैंड-प्रायोजित इस प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र और मानवीय कर्मियों के खिलाफ बढ़ते हमलों और खतरों के साथ-साथ लड़ाकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून की निरंतर उपेक्षा और उल्लंघन किये जाने को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है।

### सेवानिवृत्त दरोगा के मकान में लाखों की चोरी

**मेरठ।** टीपीनगर थाना क्षेत्र की शांति कुंज कॉलोनी में शुक्रवार देर रात सेवानिवृत्त दरोगा के घर से लाखों का सामान चोरी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। चोरी करने वाले बदमाश सीसीटीवी में कैद में हो गए। उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार टीपीनगर थाना क्षेत्र की शांतिकुंज कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहते हैं। सत्येंद्र ने बताया कि शुक्रवार की रात वह घर की छत पर, उनका बेटा प्रिंस तथा पुत्रवधू निशि मकान के प्रथम तल पर बने कमरे में और पत्नी सुनीता घर के ग्राउंड फ्लोर पर बने कमरे में सोई थीं।

### दो अधिकारियों को बनाया गया यात्रा मजिस्ट्रेट

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में व्यवस्था के मद्देनजर दो और अधिकारियों की तैनाती बद्रीधाम, केदारधाम की की गई है। कार्मिक और सतर्कता विभाग ने चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ को रखते हुए व्यवस्था बनाए रखने और सुचारु संचालन के लिए अशोक कुमार पांडे मुख्य विकास अधिकारी,नैनीताली को बद्रीनाथ धाम में तैनात किया गया है जबकि ऊधमसिंह नगर के अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार उपाध्याय को केदारधाम में तैनाती दी गई है। यह दोनों अधिकारी 26 मई से लेकर छह जून तक यात्रा मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किए गए हैं। संयुक्त सचिव श्याम सिंह की ओर से जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि यह दोनों अधिकारी संबंधित जिलाधिकारियों के पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में काम करेंगे।

### मजदूर विशाल को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

**कानपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र में ईंट लदे ट्रैक्टर ने जालौन के मजदूर विशाल को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा तो वहीं चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया। जालौन जनपद गांव परौसा थाना कदौरा निवासी 24 वर्षीय विशाल अहिरवार घाटमपुर थाना क्षेत्र के गोपाल भट्ठा नौरंगा में रहकर मजदूरी करता था। देर रात वह अपने गांव जाने के लिए निकला था और वह अभी पैदल साढ़ थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव के पास पहुंचा ही था कि सरसौल की ओर से आ रहा ईंट लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और मजदूर को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देख चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। क्षेत्रीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। इस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शव की शिनाख्त करने में जुट गई।

# भाजपा के चार सौ पार के नारे से घबराते हैं इंडी गठबंधन के नेता: योगी आदित्यनाथ

- परिणाम आएगा तो कोई रामभक्त ही दिल्ली के सिंहासन पर बैठेगा

**बलिया। एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सलेमपुर लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार रविंदर कुशवाहा के समर्थन में शनिवार को मनियर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि हम जब चार सौ पार की बात करते हैं तो इंडी गठबंधन के लोग घबरा जाते हैं। ये सभी लोग मिलकर भी चार सौ सीटों पर चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जनता इन्हें यह कह कर जवाब देगी कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। बोले, कश्मीर से कन्याकुमारी और असम के कामरूप से गुजरात के कच्छ तक एक ही नारा गूंज रहा है कि चार जून को जब परिणाम आएगा तो



कोई रामभक्त ही दिल्ली के सिंहासन पर बैठेगा।

भाजपा सरकार के कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी पीढ़ी ने बदलते भारत को देखा है कि किस तरह से परिवर्तन हो रहा है। अब कमल के चुनाव चिन्ह पर बटन दबती है तो देश और प्रदेश में विकास की यात्रा आगे बढ़ती है। विपक्ष पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि सपा की राज्य और कांग्रेस की केंद्र में सरकार थी तो रोज बम विस्फोट होते थे। ये लोग कहते थे कि ये तो सीमा पार से हो रहा है। इनके अंदर इच्छा शक्ति का अभाव था। मोदी सरकार के आने के बाद अब तो जोर से पटाखा फट जाता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि ये मेरा नहीं है। आज का भारत छेड़ता नहीं है लेकिन छेड़ने पर छोड़ता भी नहीं है।

योगी ने कहा कि पाकिस्तान का राग अलापने वाले लोग देख लें कि वहां तेईस करोड़ लोग भूख से तड़प रहे हैं। अस्सी करोड़ लोगों को फ्री में राशन, आयुष्मान कार्ड की सुविधा मिली है। चार जून को सरकार बनने पर अब 70 वर्ष आयु के लोगों को भी फ्री इलाज होगा। हमारी सरकार में चार करोड़ गरीबों के मकान बने हैं। ऐलान किया कि जब नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो सभी गरीबी से नीचे रहने वाले लोगों को पक्का घर देंगे। सीएम योगी ने सवाल किया कि राम भक्तों पर गोली चलाने वाले अयोध्या में मंदिर बनाते क्या? जवाब मिला नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा का गठबंधन कहता है कि मिलकर लड़ेंगे और चुनाव जीतेंगे तो मिलकर लूटेंगे। हारने पर फिर से गठबंधन से फूटेंगे। ये कहते हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी। संविधान का सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा करती है। कांग्रेस और सपा वाले संविधान को लेकर झूठ फैला रहे हैं।

### हिन्दू विरोध पर आधारित है इंडी गठबंधन में शामिल दलों की राजनीति: योगी


**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विवादित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए टीएमसी समेत पूरे इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, राजद, सपा और इंडी गठबंधन के सभी दल हिन्दू विरोध की राजनीति करते हैं। शनिवार को लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए बलिया रवाना होने से पहले गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और उसके जो भी सहयोगी दल हैं, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में आरजेडी, बंगाल में टीएमसी या अन्य ऐसे भी जितने दल हैं, उनकी पूरी राजनीति ही हिंदू विरोध पर आधारित है। उनके लिए देश की तुलना में सत्ता अधिक महत्वपूर्ण है। देश की कीमत पर ये दल सत्ता चाहते हैं और कोई भारतीय इसे स्वीकार नहीं करेगा। पश्चिम बंगाल में भारत सेवाश्रम संघ और रामकृष्ण मिशन के खिलाफ टीएमसी सरकार की मुखिया ममता बनर्जी के विवादित और धमकी भरे बयान को संदर्भित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ, दोनों भारत की प्रतिष्ठित धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाएं हैं। रामकृष्ण मिशन ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर पूरे देश और दुनिया के अंदर सनातन धर्म के मूल्यों और आदर्शों को, भारत के आध्यात्मिक मूल्यों को देश और दुनिया तक पहुंचाने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इसी तरह भारत सेवाश्रम संघ भी सनातन हिंदू धर्म की बहुत ही प्रखर आध्यात्मिक संस्था है।

## अनुराग ठाकुर पांच लाख से अधिक मतों से जीत कर रचेंगे इतिहास: नवीन

**हमीरपुर। एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चैयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पांच लाख से अधिक मतों से लगातार पांचवीं बार चुनाव जीत कर इतिहास रचेंगे। नवीन शर्मा ने शनिवार कहा कि अनुराग ठाकुर ने प्रदेश में रेल सेवा का अभूतपूर्व विकास किया है उन्होंने कहा कि ऊना से अम्ब ,अन्दौरा माता चिंतपूर्णी दौलतपुर चौक तक ट्रेन पँहुचाने का काम किया है और हमीरपुर पार्लियामेंट को देश के कोने कोने से जोड़ने के लिए 13 ट्रेने चलाने का काम अनुराग ठाकुर ने किया है।

नवीन शर्मा ने कहा कि बिलासपुर में ऐम्स हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज, ऊना में पीजीआई का सेटेलाइट सेंटर, विभिन्न फोरलेन को स्वीकृति करवा कर प्रदेश के विकास में पंख लगाने का काम किया है। नवीन शर्मा ने कहा कि



अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर पार्लियामेंट में जितना विकास करवाया है उसकी कांग्रेस के नेता कभी कल्पना भी नहीं कर सकते हैं नवीन शर्मा ने कहा कि हमीरपुर पार्लियामेंट के लिए अनुराग ठाकुर ने ऊना में 150 करोड़ की लागत से फूड पार्क ऊना में क्ठडछ का 507 करोड़ की लागत से डिपो बना कर तैयार कर दिया है । नवीन शर्मा ने कहा कि दो हजार करोड़ की लागत से बल्क ड्रग पार्क का निर्माण करवा कर युवाओं को रोजगार प्राप्ति का सुनहरा अवसर प्रदान किया है। नवीन शर्मा ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने 33.10 करोड़ की लागत से हमीरपुर के बायपास का निर्माण करवाया।


1200 करोड़ की लागत से हमीरपुर मंडी धर्मपुर हाइवे , हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए 25 नए नेशनल हाइवे स्वीकृत करवा कर सड़कों का जाल बिछाने का काम किया है। नवीन शर्मा ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को अतुलनीय व अदभुत बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है उन्होंने कहा कि इस बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता ने अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार पाँच लाख से अधिक मतों से विजयी बना कर केंद्र में ताकतवर सरकार बनाने का मन बना लिया है।

### सेवानिवृत्त दरोगा के मकान में लाखों की चोरी

**मेरठ।** टीपीनगर थाना क्षेत्र की शांति कुंज कॉलोनी में शुक्रवार देर रात सेवानिवृत्त दरोगा के घर से लाखों का सामान चोरी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। चोरी करने वाले बदमाश सीसीटीवी में कैद में हो गए। उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार टीपीनगर थाना क्षेत्र की शांतिकुंज कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहते हैं। सत्येंद्र ने बताया कि शुक्रवार की रात वह घर की छत पर, उनका बेटा प्रिंस तथा पुत्रवधू निशि मकान के प्रथम तल पर बने कमरे में और पत्नी सुनीता घर के ग्राउंड फ्लोर पर बने कमरे में सोई थीं। देर रात किसी समय पड़ोसी के निमाणार्धीन मकान की छत के रास्ते बदमाश सत्येंद्र के घर में दाखिल हो गए। बदमाशों ने मकान के प्रथम तल पर कमरे में रखी सेफ खोलकर लाखों की ज्वैलरी और दो लाख रुपए नकद चोरी कर लिये। शनिवार की सुबह चोरी का पता चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन से चार बदमाश टॉर्च लेकर गली में चहलकदमी करते हुए दिखाई दिए।

### पालमपुर राम मंदिर संकल्प को याद कर मोदी ने हिमाचल का मान बढाया : शान्ता

**पालमपुर। एजेंसी**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा कि हिमाचल वासी नरेन्द्र मोदी का हार्दिक धन्यवाद करते है। उन्होंने इस बात को याद रखा कि अयोध्या में जिस राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा उन्होंने की थी उसका सकंल्प 1989 में हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में भाजपा कार्य समिति ने लिया था। यह समाचार पढ़ कर हिमाचल के लाखों लोगों को प्रसन्नता ही नही होती अपितु गर्व होता है। 500 सालों के कठोर संघर्ष और सैंकड़ों राम भक्तों की षहादत के बाद जो राम मन्दिर अयोध्या में बना था उसके अन्तिम संघर्ष का सकंल्प हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में लिया गया था।

शान्ता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पालमपुर के साथ मैं भी अपने आपको भाग्यशाली समझता हूं कि उस निर्णय को लेने वाली भाजपा की कार्य समिति की पूरी व्यवस्था प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मैंने की थी। कार्य समिति के सामने जब लाल कृष्ण अडवाणी ने राम मन्दिर का प्रस्ताव रखा था और जब अटल बिहारी वाजपेयी ने उसके समर्थन में अपने भाषण के अन्त में कहा था, हम बचन लेते है कि जब तक राम मन्दिर न बन जाए हम चैन से नही बैठेगें। इतिहास के उस महत्वपूर्ण समय पर मैं भी उस बैठक में मौजूद था। राम मन्दिर संघर्ष भारत के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है और उस अध्याय में पालमपुर का नाम भी अमर हो गया। हिमाचल निवासी नरेन्द्र मोदी के आभारी है कि उन्होंने अपने भाषण में यह बात कह कर हिमाचल को अपना प्यार दिया है।

### पिछड़े समाज के बल पर भाजपा खटाखट करेगी 400 पार : आरपीएन

**देवरिया। एजेंसी**

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के पक्ष में राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने आज जनता से देवरिया पहुंच कर वोट के लिए अपील किया। आरपीएन सिंह हिरंदापुर,परसिया मल्ल,कोल्हुआ और बोडिया सुल्तान में लोगो से मुलाकात कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगा।

इस दौरान राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने कहा कि भाजपा पिछड़े समाज के लोगों के बल पर इस बार चार सौ खटा खट पार करेगी। भाजपा ने पिछड़ों को सम्मान देते हुए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया,मुझे राज्यसभा में,पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। छठवे चरण के आज चुनाव के बाद भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चार सौ सीटों के करीब पहुंच चुकी है। राज्यसभा सांसद ने कहा



कि अंतिम चरण में 400 का आंकड़ा पार कर लेगी। इंडी गठबन्धन प्रधानमंत्री मोदी के आगे आज नेस्तनाबूत हो चुका हैं। यूपी और बिहार के शहजादे के लिए अपना परिवार ही सब कुछ है, जबकि मोदी के लिए तो आप ही परिवार और वारिस हैं। इस दौरान संजय सिंह, नवीन सिंह,जितेन्द्र सिंह, रणविजय सिंह, राकेश शुक्ला, रामदास मिश्रा, अम्बिकेश पाण्डेय, पिंकू सिंह, बच्चा सिंह,अक्षयवर मल्ल, अनिल मल्ल,रमेश सिंह, राजू मल्ल,तारा मल्ल रहें।

## संसदीय समिति पर आज भी नहीं बनी बात, विपक्षी दलों ने किया बहिष्कार

**काठमांडू। एजेंसी**

उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री के खिलाफ संसदीय जांच समिति बनाने को लेकर शनिवार को भी सहमति नहीं बन पाई है। पिछले एक हफ्ले से लगातार हो रही कार्यदल की बैठक में घंटों तक बैठने के बाद भी यह आलम है। सहकारी घोटाला में गृहमंत्री रवि लामिछाने की भूमिका की जांच को लेकर प्रमुख दलों द्वारा बनाए गए कार्यदल में समिति के कायार्देश को लेकर आज भी सहमति नहीं बन पाई। समिति के कायार्देश में गृहमंत्री के नाम का उल्लेख किया जाए या नहीं, इसको लेकर विवाद अभी भी बना हुआ है। सत्तापक्ष किसी भी हालत में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम देने की बात पर सहमत नहीं हो रहे हैं तो विपक्ष बिना उस नाम के मानने के लिए तैयार



नहीं है। दोनों पक्ष सहमति नहीं होने देने में एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति नहीं होने के कारण बजट सत्र के एक दिन भी संसद की कार्रवाई नहीं हो पाई है। दोनों सदनों की कार्यवाही विपक्षी दलों द्वारा अवरुद्ध की जा रही है। अब तक ना राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हो पाया है और ना ही बजट पेश हो पाया है। कार्यदल के संयोजक रहे कानून मंत्री पदम गिरी ने कहा कि विपक्ष की बात तर्कपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि बिना किसी जांच के गृहमंत्री ही दोषी हैं, ऐसा लिख कर कोई जांच समिति नहीं बन सकती है लेकिन विपक्षी दल सरकार के इस तर्क से सहमत नहीं हो पा रहे हैं।

कार्यदल के सदस्य रहे नेपाली कांग्रेस के ज्ञानेन्द्र कार्की ने कहा कि अब तक की सभी जांच में गृहमंत्री को दोषी बताया गया है। इसलिए उनका नाम तो लिखना ही होगा। कार्की ने कहा कि गैर कानूनी ढंग से सहकारी संस्थाओं से पैसे निकाल कर जिस गोरखा मीडिया में निवेश किया गया है, उसके नाम का भी उल्लेख किया जाए और संसदीय समिति गठित की जाए।

### विस्फोट होने से कलाकार घायल

**दमोह।** एक मकान में देर रात विस्फोट हो जाने के कारण रामलीला का कलाकार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे दमोह जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया और उसके बाद उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया है। घटना 24 एवं 25 मई की देर रात्रि दमोह जिले के बटियागढ़ क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कल्याणपुर ग्राम की है। राम जी मिश्रा नामक व्यक्ति का यह मकान बताया जाता है जिसमें रामलीला के कलाकारों को रोकने के लिए स्थान दिया गया था। रात्रि में जैसे ही रामलीला के कलाकार ने मकान का दरवाजा खोलकर प्रवेश करने का प्रयास किया वैसे ही जोरदार विस्फोट होने के बाद वह बाहर फिक गया। चचाओं में सुना गया कि मकान में कोई विस्फोटक सामग्री पूर्व से रखी हुई थी पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

**कार्यक्रम** | उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन

## जीवन में सफलता साहस से मिलती है : एडीजी

**मुरादाबाद। एजेंसी**

डा. भीमराव आम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी परिसर में शनिवार को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा (2023-24) कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए विद्यालय की ओर से भव्य पुरस्कार समारोह का आयोजन सीनियर विंग में किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अकादमी के अपर पुलिस महानिदेशक (निदेशक) राजीव सभरवाल ने सभी मेधावियों को नगद धनराशि एवं उपहार प्रदान कर पुरुस्कृत किया। एडीजी

- जीवन में सफलता साहस से मिलती है, अगर हम अपने उद्देश्य में असफल होते है तो हमें शोकाकुल होकर नहीं बैठना चाहिए



राजीव सभरवाल ने छात्र-छात्राओं को सर्वश्रेष्ठ परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह तो आपकी प्रथम एवं द्वितीय सौपान है, जो आपको सफलता के उच्च शिखर तक ले जाएगा। जीवन में सफलता साहस से मिलती है, अगर हम अपने उद्देश्य में असफल होते है तो हमें शोकाकुल होकर नहीं बैठना चाहिए अपितु एक साहस के साथ नई शुरूआत करनी चाहिए। हम जीवन में कितने भी सफल क्यों न हो जाए हमें हमेशा तीन व्यक्ति याद रखने चाहिए। अपने माता-पिता, अपना अध्यापक एवं अपना वह साथी जिसने आपका हमेशा साथ दिया हो।

उन्होंने कठिन परिश्रम का सन्देश दिया। इस अवसर पर अकादमी के पुलिस उपमहानिरीक्षक बाबूराम, अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार एवं समस्त ग्रीन मिडोज परिवार उपस्थित रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. सीमा सिंह ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## सोनीपत : कांग्रेस हरियाणा प्रदेश में कहीं दिखाई नहीं देगी: मोहन लाल

**सोनीपत। एजेंसी**

सोनीपत की लोकसभा चुनाव के लिए 17 लाख 77 हजार 08 मतदाता हैं। यहां 22 उम्मीदवार अपना भाग्य अजमा रहे हैं। 1846 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 1260 सोनीपत की 6 विधानसभाओं में और 586 मतदान केन्द्र जींद जिले की तीन विधान सभाओं में हैं। सोनीपत जिले में 162 लोकेशन पर 522 बूथ संवेदनशील चिह्नित किए गए हैं। यहां 5 हजार जवान सुरक्षा के लिए तैनात हैं। सोनीपत में भाजपा उम्मीदवार मोहनलाल बडौली ने अपने गांव बडौली में वोट डालने के बाद शनिवार को कहा कि



अबकी बार 400 पार है और तीसरी बार मोदी सरकार है। देश में इंडिया गठबंधन नहीं टुकड़ा टुकड़ा गैंग है। हरियाणा प्रदेश की 10 की 10 सीट बीजेपी जीत रही है। कांग्रेस हरियाणा प्रदेश में कहीं दिखाई नहीं देगी। इस बार मुख्य मुकाबला सोनीपत लोकसभा सीट पर भाजपा के मोहनलाल बड़ौली, कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी के मध्य है इनेलो के अनूप दहिया व जजपा के भूपेंद्र मलिक भी अपनी उपस्थित दर्ज कराए हुए हैं। शनिवार को डेढ बजे तक जींद 44.90 प्रतिशत, सफीदों 33.3 प्रतिशत, बडौदा 39.7 प्रतिशत, गन्नौर 38.2 प्रतिशत, गोहाना 42.2 प्रतिशत, जुलाना 47.40 प्रतिशत, खरखौदा 38.8 प्रतिशत, राई 40.40%, सोनीपत 37.9 प्रतिशत वोट पड़े हैं।

खरखौदा के एक गांव का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें दिखाया और बताया जा रहा है कि गांव रोहणा में भाजपा के टेंट सुबह से खाली पड़े हैं।

## एक नजर

### डब्ल्यूटीटी कंटेंडर : मानव ठक्कर-मयूश शाह की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में



**रियो डी जनेरियो।** मानव ठक्कर और मयूश शाह की भारतीय जोड़ी डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में घरेलू जोड़ी फेलिप डोटी और लुकास रोमनस्की को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने मैच की शुरूआत से ही ब्राजीलियाई जोड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए गेम पर अपना दबदबा बनाए रखा। पहला गेम 11-4 से जीतने के बाद, भारतीय जोड़ी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और विपक्षी जोड़ी पर अपना दबदबा कायम रखते हुए अगले दो गेम 11-6, 11-6 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इससे पहले राउंड 16 में भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद 30 मिनट तक चले मुकाबले में ब्राजीलियाई जोड़ी हेनरिक नोगुटे और जून शिम को 3-1 (7-11, 11-5, 11-1, 12-10) से हराया था।

### संस्कार सारस्वत का भारतीय बैडमिन्टन टीम में चयन



**जयपुर।** इंडोनेशिया के योजकरता में 28 जून से सात जुलाई तक आयोजित होने जा रही एशियन जूनियर बैडमिन्टन चैम्पियनशिप 2024 में राजस्थान के संस्कार सारस्वत भारतीय बैडमिन्टन टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। राजस्थान बैडमिन्टन संघ के सचिव केके शर्मा ने बताया कि भारतीय बैडमिन्टन संघ के द्वारा एशियन जूनियर बैडमिन्टन चैम्पियनशिप 2024 के लिए भारतीय बैडमिन्टन टीम की चयन प्रक्रिया नई दिल्ली में 20 से 23 मई तक आयोजित की गई। इसमें राजस्थान के संस्कार सारस्वत ने उत्तर प्रदेश के अर्श मोहम्मद के साथ मिलकर राउन्ड रॉबिन योग्यता चक्र के पहले मैच में भारत की नंबर एक जोड़ी परम एवं भव्य छाबड़ा (दिल्ली) को 21-16, 17-21, 21-17 से हराया, दूसरे मैच में भारत की नंबर दो जोड़ी चरण गणेश (आंध्र प्रदेश) एवं अभिषेक के. (कर्नाटक) को 21-17, 21-15 से हराया, तीसरे एवं अंतिम मैच में भारत की तीसरे नंबर की जोड़ी भार्गव राम एवं विश्वा तेजा (आंध्र प्रदेश) को 21-16, 23-21 से हरा कर इस चयन प्रक्रिया में पहला स्थान हासिल किया।

### जिनेवा ओपन : उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच, सेमीफाइनल में टॉमस मचाक से हारे



**जिनेवा।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच शुक्रवार को जिनेवा ओपन में उलटफेर का शिकार हो गये और सेमीफाइनल में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से 6-4, 0-6, 6-1 से हार गये। मचाक, जो अपने पहले एटीपी टूर-स्तरीय सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, ने पहले सेट में अपनी ताकत दिखाई जब वह 4-1 से पिछड़ने के बाद वापस आए और सेट 6-4 से अपने नाम किया। सर्बियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट में बेहतरीन जवाब देते हुए 6-0 से जीत दर्ज की और तीसरे सेट में भी उसी लय को जारी रखते हुए 1-0 से बढ़त बना ली। हालाँकि, यहां से मचाक ने फिर से वापसी की और सेट 6-1 से जीतने के साथ मैच भी अपने नाम कर लिया। 37 वर्षीय जोकोविच को अपने 23 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कई बार शारीरिक रूप से संघर्ष करना पड़ा और पहले सेट के अंत में उन्हें मेडिकल टाइमआउट मिला। दूसरी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड और इटली के फ्लेवियो कोबोली के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया।

# तीरंदाजी : भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक पर साधा निशाना

- भारतीय मिश्रित टीम को मिला रजत पदक



**येचियोन। एजेंसी**

ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने शनिवार को यहां स्टेज दो स्पर्धा में एकतरफा कंपाउंड महिला टीम फाइनल में तुर्की को 232-226 से हराकर लगातार तीसरा तीरंदाजी विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। दुनिया की नंबर एक भारतीय कंपाउंड महिला टीम पहले छोर से ही तुर्की की हेजल बुरुन, आयसे बेरा सुजेर और बेगम युवा पर हावी रही और छह अंकों के अच्छे अंतर को बनाए रखते हुए बिना कोई सेट गंवाए स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। ज्योति, परनीत और विश्व चैंपियन अदिति ने एक साथ विश्व कप स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की। उन्होंने पिछले महीने शंघाई में विश्व कप स्टेज 1 के शुरूआती सीजन में इटली को हराकर स्वर्ण जीता था। इसके अलावा इन तीनों ने पिछले साल पेरिस में स्टेज चार में स्वर्ण पदक हासिल किया था। कंपाउंड महिला टीम के फाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीयों ने तीन एक्स (केंद्र के पास तीर) के साथ शुरूआत की और अगले तीन तीरों में एक-एक अंक गिराकर अपने पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों को पहले दौर में एक अंक से हरा दिया। छह तीरों के अगले दौर में, भारतीयों ने पूर्ण वर्चस्व दिखाया, दो एक्स के साथ पांच परफेक्ट 10 और एक 9 में ड्रिलिंग करके आधे रास्ते पर अपनी बढ़त को चार अंकों तक बढ़ा दिया।

तुर्की ने भारत के 58 के स्कोर की बराबरी करने के लिए अंतिम दौर में एक एक्स के साथ चार 10 स्कोर करने के लिए कड़ी मेहनत की। लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा क्योंकि चौथे और अंतिम छोर तक भारतीय तिकड़ी चार अंक से आगे थी। भारतीय तिकड़ी ने इसके बाद अंत में एक और 58 का स्कोर पर अपनी जीत पक्की की। एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति, हालांकि, अपनी झोली में दूसरा स्वर्ण जोड़ने में असफल रहीं क्योंकि उन्होंने प्रियांश के साथ मिलकर शुरूआती दौर की बढ़त गंवा दी और कंपाउंड मिश्रित टीम में संयुक्त राज्य अमेरिका के ओलिविया डीन और सॉयर सुलिवन से दो अंक (155-153) से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व कप के इस संस्करण में कंपाउंड वर्ग से तीसरे पदक की भी उम्मीद है, जहां प्रथमेश फुगे पहली बार व्यक्तिगत विश्व कप पोडियम फिनिश से एक जीत दूर हैं। फुगे, जिन्होंने क्वार्टर में 2021 विश्व चैंपियन और विश्व नंबर 6 ऑस्ट्रिया के निको वीनर को हराया था, पहले व्यक्तिगत विश्व कप पदक के लिए विश्व नंबर 7 जेम्स लुत्ज के खिलाफ स्पर्धा करेंगे। फुगे शंघाई में स्वर्ण पदक जीतने वाली पुरुष टीम का हिस्सा थे।

## टी20 विश्व कप में तीसरी बार पाक टीम का नेतृत्व करेंगे बाबर आजम



**लाहौर। एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार रात आईसीसी टी20 पुरुष विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। बाबर आजम टी20 विश्व कप में लगातार तीसरी बार पाकिस्तानी टीम का नेतृत्व करेंगे। टी-20 विश्व कप 1 से 29 जून के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियन में खेला जाएगा। हालांकि पीसीबी ने न तो उप-कप्तान और न ही किसी यात्रा रिजर्व की घोषणा की है। पीसीबी ने अपने बयान में कहा, ह्यह बेहद प्रतिभाशाली और संतुलित टीम है जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से एक साथ खेल रहे हैं और अगले महीने के आयोजन के लिए अच्छी तरह से तैयार और व्यवस्थित दिख रहे हैं।

फरवरी में पाकिस्तान सुपर लीग मैच के दौरान कंधे की हड्डी खिसकने से उबरने के बाद तेज गेंदबाज हारिस रऊफ टीम में लौट आए, जबकि विश्व कप से पहले आयरलैंड दौरे के लिए बुलाए गए हसन अली को बाहर कर दिया गया है। बयान में आगे कहा गया, हारिस रऊफ पूरी तरह से फिट हैं और नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। अच्छा होता अगर उसे हेडिंग्ले में आउटिंग का मौका मिलता, लेकिन हमें विश्वास है कि वह आगामी मैचों में ऊपर की ओर बढ़ना जारी रखेंगे, क्योंकि टी20 विश्व कप में अन्य स्ट्राइक गेंदबाजों के साथ उसकी भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची पीवी सिंधु



**कुआलालंपुर। एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल में जगह बना ली है।

शनिवार को खेले गए महिला एकल वर्ग के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को शिकस्त दी। सिंधु ने 88 मिनट तक चले मुकाबले में ओंगबामरुंगफान को 13-21, 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। सिंधु एक साल से अधिक समय बाद अपने पहले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में जगह बनाई है, उनकी आखिरी उपस्थिति अप्रैल में 2023 स्पेन मास्टर्स में थी, जहां उन्हें ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजंग ने हराया था। मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में सिंधु का सामना वांग झी यी से होगा, जिन्हें सेमीफाइनल में हमवतन झांग यिमान को केवल 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-9, 21-11 से हराया। बता दें कि सिंधु ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी चीन की हान यू को 21-13, 14-21, 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

### पुरुष एशियाई कप 2025 की मेजबानी करेगा चीन

**दुबई।** चीन एएफसी अंडर-20 पुरुष एशियाई फुटबॉल कप 2025 की मेजबानी करेगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने उक्त घोषणा की। एएफसी के एक बयान में कहा गया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल ऐन में आयोजित एक बैठक में एएफसी प्रतियोगिता समिति ने 2025 अंडर-20 एशियाई कप की मेजबानी के अधिकार चीनी फुटबॉल एसोसिएशन को देने का फैसला किया, जबकि 2025 एएफसी अंडर-17 एशियन कप सऊदी अरब फुटबॉल फेडरेशन को प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त, फीफा अंडर-17 विश्व कप के पुरुष और महिला दोनों संस्करणों को द्विवार्षिक के बजाय सालाना आयोजित करने के फीफा के फैसले के बाद, समिति ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में नए सुधारों को भी मंजूरी दे दी।

# सबसे ज्यादा बार आईपीएल फाइनल खेलने वाली पांचवीं टीम बनी सनराइजर्स हैदराबाद



**चेन्नई। एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास में सबसे ज्यादा फाइनल मैच खेलने वाली पांचवीं टीम बन गई है। हैदराबाद ने यह उपलब्धि आईपीएल 2024 क्वालीफायर 2 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 36 रन से हराकर हासिल की। हैदराबाद स्थित फ्रेंचाइजी ने तीसरी बार टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने भी तीन बार टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रिकॉर्ड 10 बार आईपीएल 2024 का फाइनल खेल चुकी है। छह फाइनल में भाग लेने के बाद मुंबई इंडियंस (एमआई) दूसरे स्थान पर है। टी20 टूनार्मेंट के चार फाइनल खेलने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) तीसरे स्थान पर है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए।

टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज उनके विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन थे, जिन्होंने 34 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। राहुल त्रिपाठी (37) और ट्रैविस हेड (32) ने भी अपनी तरफ से महत्वपूर्ण रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स के लिए, बोल्ट और आवेश ने अपने चार ओवर के स्पेल में तीन-तीन विकेट हासिल किए, जहां उन्होंने क्रमशः 45 और 27 रन दिए। संदीप ने अपने चार ओवरों में 25 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 139 रन ही बना सकी। राजस्थान के लिए ध्रुव जुवेल ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए, उनके अलावा यशस्वी जयसवाल ने 42 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से शाहबाज अहमद ने 3, अभिषेक शर्मा ने 2 और पैट कमिंस व टी नटराजन ने 1-1 विकेट लिए।

## आईडब्ल्यूएफ : बेदाब्रत भराली ने पुरुषों के 73 किग्रा भार वर्ग में जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली। एजेंसी**

असम के बेदाब्रत भराली ने शनिवार को पेरू के लीमा में अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) विश्व युवा चैंपियनशिप में पुरुषों के 73 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भराली ने दूसरे नंबर पर आये अपने प्रतिस्पर्धी से 12 किग्रा अधिक भार उठाया और कुल 296 (स्नेच में136 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 160 किग्रा) किग्रा भार के साथ, जो कि पिछले साल उनके कुल वजन से 29 किग्रा अधिक है, स्वर्ण पदक हासिल किया। पिछले साल वह 67 किग्रा वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे थे। संयुक्त राज्य अमेरिका के रयान मैकडोनाल्ड कुल 284 किग्रा (स्नैच-125, क्लीन एंड जर्क-159) के भार के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि यूक्रेन के सेरही कोटेलेवस्की कुल 283 किग्रा (स्नैच-130, क्लीन एंड जर्क-153) के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## रिंकू ने भाला फेंक एफ46 स्पर्द्धा में रजत और अजीत ने जीता कांस्य



**कोबे। एजेंसी**

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंता हेराथ के खिलाफ विरोध में जीत के बाद भारत ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक हासिल किया। रिंकू हुडा और अजीत सिंह शुक्रवार को पुरुषों की एफ46 भाला फेंक फाइनल में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे, लेकिन भारत द्वारा विरोध दर्ज कराने के बाद परिणाम रोक दिया गया। भारत ने इस श्रेणी में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंकाई हेराथ के प्रतिस्पर्धा करने पर अपना विरोध दर्ज कराया था। जांच के बाद पता चला कि हेराथ इस श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अयोग्य थे। पैरा खेलों में, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की अनुमति देने के लिए एथलीटों को समान स्तर की शारीरिक क्षमता वाले समूहों में वर्गीकृत किया जाता है। एफ46 वर्गीकरण, बांह की कमी, कमजोर मांसपेशियां या बाहों में गति की निष्क्रिय सीमा वाले एथलीटों के लिए है।

## वाणिज्य

# कम सत्रों में सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

- सेंसेक्स 07 अंक गिरकर 75,500 पर बंद
- निफ्टी 10 अंक फिसलकर 23,000 पर बंद

**मुंबई। एजेंसी**



एशियाई बाजारों के कमजोर रुझानों और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में उतार - चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। सेंसेक्स 75 हजार के पार पहुंच गया वहीं निफ्टी ने 22,993.60 का नया रिकॉर्ड बनाया और यह 23,000 के स्तर को तोड़ने के काफी करीब पहुंच गया था। इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में कम सत्रों में कारोबार हुआ। सोमवार को लोकसभा चुनाव को लेकर मुंबई में मतदान की वजह से शेयर बाजार बंद रहा। शेयर बाजारों के चार दिनों के कारोबार पर नजर डालें तो घरेलू सूचकांकों में मंगलवार को शुरूआती कारोबार में गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स 218.11 अंक गिरकर 73,787.83 पर खुला और 52.63 अंकों की गिरावट के साथ 73,953.31 के स्तर पर बंद हुआ।

एनएसई निफ्टी 97.45 अंक फिसलकर 22,404.55 पर खुला और 27.05 अंक चढ़कर 22,529.05 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में बढ़त से मिले सकारात्मक संकेतों के बाद भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुले। सेंसेक्स 74.26 अंकों की बढ़त के साथ 74,027.57 पर खुला और 267.75 अंक मजबूत होकर 74,221.06 पर बंद हुआ। निफ्टी 15.61 अंक चढ़कर 22,544.65 पर खुला और 68.75 अंक चढ़कर 22,597.80 पर बंद हुआ। गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान शेयर बाजार में शुरूआती सुस्ती बावजूद जबरदस्त उछाल आया। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। सेंसेक्स 1100 अंकों की शानदार बढ़ोतरी के साथ 75,407.39 पर खुला और 1,196.98 अंकों की बढ़त के साथ 75,418.04 पर बंद हुआ। निफ्टी करीब 350 अंकों की तेजी के साथ 22,959.70 पर खुला और 354.66 अंकों की उछाल के साथ पहली बार 22,967.65 पर बंद हुआ।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी घरेलू शेयर बाजार एक बार फिर नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इस दौरान निफ्टी पहली बार 23000 के आंकड़े को पार करने में सफल रहा। सेंसेक्स 124.89 अंकों की बढ़त के साथ 75,542.93 पर खुला और 7 अंक की गिरावट के साथ 75,542.93 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 33.85 अंक मजबूत होकर 23,001.50 के स्तर पर खुला और 10 अंक फिसलकर 23,026.40 अंक पर बंद हुआ।

## आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष होंगे प्रदीप कुमार सिन्हा, आरबीआई ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली। एजेंसी**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। सिन्हा एक जुलाई, 2024 से अगले तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रदीप कुमार सिन्हा आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष होंगे। रिजर्व बैंक ने सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वो जीसी चतुर्वेदी की जगह लेंगे, जो 30 जून, 2024 को गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। आईसीआईसीआई बैंक बोर्ड बैठक में सिन्हा को गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने की ऐलान किया गया था। उल्लेखनीय है कि प्रदीप कुमार सिन्हा ओएनजीसी, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल आदि जैसे कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सरकार द्वारा नामित निदेशक रहे हैं। विशेष रूप से वह लगभग 7 साल तक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के बोर्ड में रहे।

### जून महीने में 10 दिन बंद रहेंगे बैंक, ये है छुट्टियों की पूरी लिस्ट

**नई दिल्ली।** जून महीने में बैंक 10 दिन बंद रहेंगे, जिसकी वजह से बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इन 10 दिनों में पांच रविवार और 2 शनिवार के अलावा देश के अलग-अलग जगहों पर तीन दिन कामकाज नहीं होगा। हालांकि, इस दौरान ऑनलाइन और एटीएम सर्विस चालू रहेगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से छुट्टियों की जारी कैलेंडर के मुताबिक जून में कुल 10 दिन बैंक बंद रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। इनमें पांच रविवार और 2 शनिवार की छुट्टी शामिल है। इसके अलावा अन्य 3 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंक बंद रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग के दौर में आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेन-देन कर सकते हैं।




### फ्लिपकार्ट में गूगल खरीदेगी अल्पांश हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में अल्पांश हिस्सेदारी खरीदने के लिए करीब 35 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। गूगल का यह निवेश फ्लिपकार्ट द्वारा 2023 में शुरू की गई 1 अरब डॉलर जुटाने की पहल का हिस्सा है। फ्लिपकार्ट ने न तो गूगल द्वारा किए जा रहे निवेश की वास्तविक रकम का खुलासा किया है और न ही उसने कंपनी के मूल्यांकन के बारे में बताया है। उसने एक बयान में कहा कि वॉलमार्ट के नेतृत्व में ताजा निवेश दौर के तहत फ्लिपकार्ट ने गूगल को अल्पांश निवेशक के तौर पर शामिल करने की घोषणा की जो दोनों पक्षों द्वारा नियामकीय एवं अन्य मंजूरियों पर निर्भर करेगा। सूत्रों के मुताबिक इस निवेश से बेंगलूरु की कंपनी का मूल्यांकन 33 अरब डॉलर के उसके पिछले मूल्यांकन से 5-10 फीसदी अधिक होने की संभावना है। नया मूल्यांकन 36 अरब डॉलर को पार कर सकता है। दिसंबर 2022 में फिनटेक फर्म फोनपे के समूह से अलग होने के बाद फ्लिपकार्ट का मूल्यांकन 33 अरब डॉलर रह गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### अजमेर डेयरी अध्यक्ष चौधरी एवं नसीम अख्तर ने किया गुरदासपुर में कांग्रेस के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क



**चमकता राजस्थान। अजमेर ।** राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी एवं गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी सुखजिंदर सिंह रंधावा के समर्थन में आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में अजमेर डेयरी के अध्यक्ष एवं अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ ने गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क कर चुनाव प्रचार किया।कांग्रेसी नेताओं ने गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र मे व्यापक जनसंपर्क कर कई जन सभाओ को संबोधित किया एवं गारंटी कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ प्रदेश प्रवक्ता यशवर्धन सिंह शेखावत जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी करण सिंह उचियारडा आदि ने गुरदासपुर विधानसभा क्षेत्र मैं व्यापक जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी रंधावा को विजयी बनाने का आव्हान किया।

### जयपुर विकास प्राधिकरण ने करी प्रभावी कार्रवाई

- **व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने सुपर मार्ट, पार्टी हॉल के आंशिक भाग में रसोई, टॉयलेट, अपर्टमेन्ट में बने 01 बीएचके फ्लैट इत्यादि की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही।**




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांकः 25.05.2024 को जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम टोडी रमजानी पुरा तह. सांगानेर के खसरा न. 42, 44/1 में प्रस्तावित समूह आवासीय प्रोजेक्ट फैसेलिटि रूंगटास एवेनच्पुरा में अनुमादित भवन मानचित्रों के विपरीत स्टील्ड पार्किंग में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने सुपर मार्ट, पार्टी हॉल के आंशिंक भाग में रसोई, टॉयलेट, अपर्टमेन्ट में बने 01 बीएचके फ्लैट इत्यादि का अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध अवैध निर्माण नही हटाने एवं व्यावसायिक गतिविधियां बन्द नही किये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांकः 25.05.2024 को उक्त सुपरमार्ट रसोई टॉयलेट, 01 बीएचके फ्लैट के प्रवेश द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 08, 03 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# भीषण गर्मी में जनता त्रस्त प्रदेश में सरकार प्रशासनिक अधिकारियों के भरोसे : डोटासरा

अत्री कुमार दाधीच



**जयपुर, 25 मई।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार भीषण गर्मी के बावजूद प्रदेश वासियों को बिजली एवं पेयजल उपलब्ध नहीं करवा पा रही है, जिस कारण प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में लोग मीलों चलकर पीने का पानी ला रहे है तथा शहर वासी भारी राशि खर्च कर पानी के टैंकर खरीद कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं वहीं सरकार की अनदेखी के कारण प्रदेश में भीषण बिजली संकट उत्पन्न हो गया है तथा सरकार द्वारा अघोषित रूप से दो से चार घंटे की बिजली कटौती प्रदेश की राजधानी में की जा रही है वहीं प्रदेश के अन्य शहरों व ग्रामीण इलाकों में कई घंटे तक बिजली के अभाव में जनता गर्मी से परेशान हो रही है।

प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि एक और प्रदेश की जनता बिजली कटौती एवं पेयजल की सप्लाई न होने से त्रस्त है दूसरी ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री इस संकट को दूर करने हेतु समस्या का समाधान खोजने की बजाय दूसरे प्रदेशों में जाकर चुनाव प्रचार करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा के विधायक, नेता एवं मंत्री पत्र लिखकर अपने-अपने क्षेत्रों में पानी एवं बिजली की सप्लाई निर्बाध रूप से करवाने की मांग मुख्यमंत्री से कर रहे हैं किन्तु मुख्यमंत्री, जलदाय मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री किसी प्रकार का कोई निर्णय लेते हुए अथवा समाधान खोजते हुए नजर नहीं आ रहे है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पूरी सरकार प्रशासनिक अधिकारियों के भरोसे ही चल रही है तथा भाजपा नेता त्रस्त जनता को अपने हाल पर छोड़ अन्य प्रदेशों में चुनाव प्रचार में मस्त है।

प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि मौसम विभाग ने महिनों पहले प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ने का पुर्वानुमान बताया था किन्तु राजस्थान सरकार ने प्रदेशवासियों को सुचारू बिजली सप्लाई हेतु कोई कार्ययोजना नहीं बनायी जिसका परिणाम है कि प्रदेश में उपभोक्ताओं के लिए 600 लाख यूनिट प्रतिदिन बिजली की कम सप्लाई हो रही है तथा प्रदेशवासियों को इस भीषण गर्मी में घण्टों अघोषित बिजली कटौती का सामना कर परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि गर्मियों में पेयजल की उपलब्धता बनाये रखने हेतु वृहद्ध कार्य योजना बनाया जाना आवश्यक होता है किन्तु राजस्थान सरकार 100 दिवस की कार्य योजना के नाम पर स्वयं की पीठ थपथपा रही थी किन्तु आज भीषण गर्मी में पेयजल के संकट का सामना कर रही प्रदेश की जनता के सामने भाजपा सरकार की पोल खुल गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में या तो कम दबाव के साथ पेयजल सप्लाई हो रही है अथवा प्रदेशवासी महंगे दाम पर टैंकरों से पेयजल सप्लाई लेकर अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में दूरस्थ स्थानों से पैदल जाकर पेयजल लाने हेतु मजबूर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी के मौसम में बिजली एवं पेयजल संकट के लिए राजस्थान की भाजपा सरकार पूर्णतया जिम्मेदार हैं।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा ने दिए कर्मचारियों व अभियन्ताओं को निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में हीटवेव के बढते प्रभाव को देखते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार विद्युत आपूर्ति व अन्य तकनीकी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के साथ ही सर्किल स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रुम पर उपभोक्ताओं की शिकायतों को दर्ज कराने व उनके समाधान की व्यवस्था की हुई है।

इन पर दर्ज शिकायतों का त्वरित निस्तारण भी किया जा रहा है फिर भी कुछ स्थानों से प्राप्त सूचना के अनुसार सर्किल स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रुम में बैठने वाले कर्मचारी व अभियन्ता शिकायत दर्ज करने के स्थान पर उपभोक्ता को कॉल सेन्टर के नम्बर या सम्बन्धित कनिष्ठ अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के मोबाइल नम्बर देकर बात करने के लिए कह देते है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा श्री आलोक ने उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए इस तरह की कार्य प्रणाली को गम्भीरता से लेते हुए सर्किल स्तर पर कार्यरत कन्ट्रोल रुम में उपभोक्ताओं की कॉल अटेण्ड करने वाले सभी कर्मचारियों और अभियन्ताओं को सख्त निर्देश प्रदान किए हैं। श्री आलोक ने निर्देश दिए हैं कि सर्किल स्तर पर कन्ट्रोल रुम में किसी भी उपभोक्ता द्वारा कॉल करने पर उसकी शिकायत को दर्ज कर स्वंय के द्वारा ही डिस्कॉम स्तर के कॉल सेन्टर व सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता को सूचित किया जाए और किसी भी उपभोक्ता को कॉल सेन्टर, सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता के मोबाइल नम्बर देकर बात करने के लिए नही कहा जाए। शिकायत के समाधान के उपरान्त यथा संभव सम्बन्धित उपभोक्ता से शिकायत के समाधान का सत्यापन भी किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी और कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

सभी सर्किलों के अधीक्षण अभियन्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि वे स्वयं के स्तर पर समय-समय पर कॉल करके इस व्यवस्था की प्रभावी रुप से मॉनिटरिंग करे और व्यवस्था में कोई कमी संज्ञान में आए तो उसे दुरुस्त करने की कार्यवाही की जाए।

## 'रक्तदान - महादान' रक्तदान से किसी को मिल सकता है नया जीवन, इस पुनीत कार्य में सभी निभाएं सक्रिय भूमिका: रवि नैय्यर


चमकता राजस्थान




**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पंजाब की गुरदासपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह बब्बू के प्रचार की जिम्मेदारी संभाल रहे भाजपा नेता रवि नैय्यर ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए ब्लड सेवा समिति द्वारा बाबा लखमीचंद गुरुद्वारा बाजार, जोड़िया डेरा बाबा नानक, पंजाब में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में शिरकत की।

इस अवसर पर भाजपा नेता रवि नैय्यर ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और उनकी सराहना करते हुए कहा कि ₹रक्तदान - महादान₹ है। आपके एक यूनिट रक्तदान करने से किसी को नया जीवन मिल सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को जीवन में समय समय पर रक्तदान करने का आव्हान करते हुए नैय्यर ने कहा कि समाज में फैली भ्रांतियों में ना पड़ें। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है बल्कि नए रक्तदान का संचार होता है जिससे हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और हमें कई बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। इसलिए स्वयं भी रक्तदान करें तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

इस अवसर पर भाजपा नेता रवि नैय्यर के साथ मुकेश जी, राजन डोगरा, सखजित सिंह बेदी, सूरज नैय्यर, निशु महाजन उपाथित रहे। समिति प्रमुख सुमित अरोड़ा जी एवं अन्य पदाधिकारियों को इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद एवं बधाई दी गई एवं रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।




» नोतपा शुरू,पक्षी भी पानी देखकर आनंदित होते हुए

## नेट थिएट पर शास्त्रीय संगीत के रंग जमे

### जा जा रे अपने मंदिर वा जा, सुन पावेगी मोरी सांस ननंदिया




चमकता राजस्थान

जयपुर। ' नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रंखला में आज युवा शास्त्रीय कलाकार मुज्म्मिल अली ने राग भीम पलासी में जा जा रे अपने मंदिर वा जा, सुन पावेगी मोरी सांस ननंदिया को ध्रुरुप्त लय में बड़े सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर दर्शकों की दाद पाई '

नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार मुजम्मिल अली ने शास्त्रीय संगीत की तालीम उस्ताद बुंदू खां और सूफी गायन अपने दादा उस्ताद हाजी टिम्मू गुलफाम और अपने पिता मुस्तफा अली से ली । इन्होंने अपने गायन की शुरुआत राग जौनपुरी में एक बंदिश पायल की झंकार बेरनिया झन-झन बाजे ऐसी मोरी को द्रुत लय में प्रस्तुत कर अपनी गायकी का परिचय दिया ' इसके बाद राग मियां मल्हार में फूल रही सरसों सकल बन, अंबा मोरे गेसू फुटे, गौरी करत सिंगार, मलानिया गरबा लगाया बरसों फूल रही सरसों सुना कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया '

इनके साथ तबले पर आसिफ हुसैन ने अपनी संगत से कार्यक्रम को परवान चढ़ाया ' कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढ़वाल और मंच सज्जा जीवितेश, सागर और नोनू की रही '

# वीएसके फाउंडेशन द्वारा श्रेष्ठ पत्रकार सम्मानित

## संघ का उद्देश्य समाज निर्माण है - क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** वीएसके फाउंडेशन की ओर से शनिवार को मालवीय नगर स्थित नारद सभागार में देवर्षि नारद जयंती और पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज निर्माण है और इसके लिए शत प्रतिशत समाज को देशहित में साथ लेना संघ का उद्देश्य है। इसलिए हम किसी को विरोधी नहीं मानते ।

उन्होंने कहा कि जो भारत को अपनी मातृ भूमि मानते हैं, भारत के प्रति भक्ति भाव रखते है और भारत माता की जय बोलते हैं वो सब भारत की संतानें हैं ।यह देश मेरा है इस देश के महापुरुष अपने हैं जब देशवासियों को कोई कष्ट आता है तो दुख होता है देश में जब अच्छा होता है तो उनको खुशी होती है । देश के विकास और समृद्धि के लिए जो अपना कुछ योगदान दे सके वह राष्ट्रीय है । उन्होंने कहा कि हम स्वाधीन तो हैं पर स्व-तंत्र हैं क्या, इस पर विचार करने की जरूरत है। इन सब में मीडिया का मुख्य रूप से योगदान हो सकता है जो लोगों की सोच को सही दिशा देने का काम करते हैं।

समारोह की शुरुआत भाव-सुरताल समूह की ओर से जल, पर्यावरण संरक्षण और देवर्षि नारद पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष, जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, हरिवलभ मेघवाल ने देवर्षि नारद की पत्रकारिता से जुड़े प्रसंगों को रेखांकित करते हुए विस्तार से बताया। साथ ही नारद जी की टीवी सीरियल्स में दिखाई चुगली करने वाले देव की छवि से हट कर एक सूचना सहायक के रुप में प्रकट की। वीएसके फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. ईश्वर बैरागी ने नारद जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पत्रकार जगत में देवर्षि नारद को आदि पत्रकार माना जाता है। पूरे भारत के विश्व संवाद केन्द्र नारद जयंती को पत्रकार दिवस के रूप में मना रहा हैं। इस दिन पत्रकारिता के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे पत्रकारों को 'नारद सम्मान' से सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया में फर्स्ट इण्डिया के पकंज सोनी व न्यू मीडिया में नवतेज टीवी के उमंग माथुर को सम्मानित किया गया जबकि आंचलिक पत्रकारिता के लिए दैनिक भास्कर के राधेश्याम तिवारी और राजकुमार जैन को संयुक्त पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान वीएसके फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ. शुचि चौहान सहित वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे। आभार फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक अग्रवाल ने प्रकट किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929